इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -136 राजनांदगांव, मंगलवार 02 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर फोकस करें केंद्रीय एजेंसियां, सीबीआई को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की नसीहत

नई दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार (1 अप्रैल) को CBI सीबीआई के स्थापना दिवस पर केंद्रीय एजेंसियों को बड़ी नसीहत दी है. सीजेआई ने कहा कि चूंकि केंद्रीय एजेंसियों कम फैली हुई हैं. इसलिए उनको देश विरोध में हो रहे आर्थिक अपराध या राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों की जांच पर ही फोकस करना चाहिए. सीबीआई रेजिंग डे पर दिल्ली के भारत मंडपम में हुए 20वें डीपी कोहली मेमोरियल लेक्चर में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे टेक्नोलॉजी ने अपराध के इलाके को बदल दिया है. जांच एजेंसी अब एक जटिल चुनौती का सामना कर रही है.

हर मामला सीबीआई को हैंडओवर करना अनुचित

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'सीबीआई को भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी के रूप में अपनी भूमिका से परे विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच करने के लिए कहा जा रहा है. यह सीबीआई पर अपने आदर्श वाक्य पर खरा उतरने की एक बड़ी जिम्मेदारी डालता है.' सीजेआई ने कहा, लेकिन सीबीआई का विस्तार काफी कम होने की वजह से प्रमुख जांच एजेंसियों को सिर्फ ऐसे मामलों पर फोकस करने की जरूरत है, जो राष्ट्र सुरक्षा से

जुड़ा हो. एजेंसी को ऐसे मामलों पर फोकस करने की जरूरत है, जो राष्ट्र के खिलाफ आर्थिक अपराध से संबंधित हो. हर मामला सीबीआई को हैंडओवर कर देना अनुचित है.' चीफ जस्टिस ने कहा, हमें अपराध रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने की जरूरत है. हमें एक संस्थागत प्रतिबद्धता, विभिन्न विभागों के बीच वित्त, तालमेल और रणनीतियों की आवश्यकता है. सीबीआई को मामलों के धीमे निपटान से निपटने के लिए एक स्ट्रैटजी बनानी होगी.

वर्चुअल कोर्ट्स और ई-फिलिंग का किया जिक्र

सीजेआई ने कहा, कोविड के दौरान हमने जबर्दस्त कनेक्टिविटी देखी. वर्चुअल कोर्ट्स (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सिस्टम में बदलाव के लिए एडवांस्ड इक्विपमेंट्स की जरूरत

सीबीआई उन्होंने कहा, जजों की शिकायत रहती है कि उनमें जो बेस्ट होता है, उसे सीबीआई कोर्ट्स में नियुक्त किया जाता है. क्योंकि वे संवेदनशील होते हैं. लेकिन धीमी गति से सुनवाई के चलते मामलों के निपटाने की दर भी धीमी हो जाती है. बहुत सी विशेष सीबीआई अदालतें मौजूदा अदालतें हैं. सिस्टम में आमूल-चूल बदलाव करने के लिए हमें नए टेक्नीकली एडवांस्ड इक्विपमेंट्स की जरूरत है.

आर्थिक अपराधों का जल्द हो निपटारा

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, सीबीआई उन अपराधों से निपटती है, जो देश की इकोनॉमी को प्रभावित करते हैं. उनका जल्द निपटारा जरूरी है. जिन पर पर कानून के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया गया, इससे उनकी जिंदगी और प्रतिष्ठा पर चोट पहुंचती है. देरी न्याय देने में बाधक बनती है.

लाखों सुझावों का डेटाबेस तैयार, भाजपा के संकल्प पत्र में दिखेगा विकसित भारत का भी रोडमैप

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने भी अपने संकल्पपत्र को आकार देना शुरू कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें विभिन्न माध्यमों से पार्टी को मिले सुझावों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समिति के सह संयोजक पीयूष गोयल का कहना है कि भाजपा के पास लाखों सुझावों का डेटाबेस है। 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने सहित देशहित और जनहित को प्राथमिकता में रखते हुए अगली बैठक में महत्वपूर्ण बिंदु रखे जाएंगे। इस आधार पर जल्द ही संकल्पपत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा।

राजग की सीटें 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में राजग की सीटें 400 पार पहुंचाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरी भाजपा अपना संकल्पपत्र भी इसी तरह का बनाने के लिए प्रयासरत है, जो सभी वर्गों को आकर्षित करे। इसके लिए सोमवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित घोषणापत्र समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे रक्षामंत्री सहित गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, रविशंकर प्रसाद सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए।

लाखों सुझावों का डेटाबेस तैयार

सह संयोजक पीयूष गोयल ने बताया कि सभी वरिष्ठ सदस्यों ने बैठक में अपने सुझाव रखते हुए 2024 तक भारत को विकसित बनाने के रोडमैप के लिए पार्टी और सरकार की रूपरेखा पर भी चर्चा की। संकल्पपत्र के लिए सुझाव एकत्र करने के उद्देश्य से लगभग 33 दिनों तक सामान्य व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए 916 वीडियो वैन ने देशभर में 3500 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। सौ शहरों में समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ बैठकें कीं। जिन्हें मंत्रियों व अन्य पार्टी नेताओं ने संकलित किया।

नमो एप पर भी आए सुझाव

मिस्ड कॉल अभियान को भी भाजपा ने देशभर में चलाया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

बीजेपी को लगा बड़ा झटका, पूर्व विधायक ने थामा कांग्रेस का हाथ

भोपाल। मध्यप्रदेश में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के लिए भी एक सुखद खबर है। पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। लंबे समय के बाद कोई पूर्व विधायक कांग्रेस में शामिल हो रहा है। वहीं कांग्रेस को छिंदवाड़ा में लगातार झटके लग रहे हैं। आज छिंदवाड़ा मेयर विक्रम अहाके ने बीजेपी का दामन थाम लिया है।

2008 में विधायक बने थे लक्ष्मण तिवारी

लक्ष्मण तिवारी 2008 में उमा भारती की पार्टी भारतीय जनशक्ती पार्टी से विधायक बने थे। साल 2013 विधानसभा चुनाव से पहले उमा भारती ने भारतीय जनशक्ती पार्टी का बीजेपी में विलय कर लिया था। जिसके बाद साल 2013 में रीवा की मऊगंज सीट से बीजेपी की टिकट पर लक्ष्मण तिवारी चुनाव लड़े थे।

जिसमें वह कांग्रेस के सुखेंद्र सिंह बन्ना से चुनाव हार गए थे। साल 2018 में बीजेपी ने लक्ष्मण तिवारी को टिकट नहीं दिया। जिसके बाद वो बीजेपी से बागी हो गए थे। उन्होंने साल 2018 में निर्दलीय चुनाव लड़ा थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह फिर बीजेपी में शामिल हो गए थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दिल्ली शराब नीति घोटाला : 15 अप्रैल तक तिहाड़ जेल में केजरीवाल, अब आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम भी आया

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति कांड में मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। केजरीवाल को तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने यह आदेश दिया। जेल भेजे जाने से पहले केजरीवाल की ओर से जेल में स्पेशल डाइन (सेहत को देखते हुए), दवाएं, तीन पुस्तकें (गीता, रामायण और हाउ प्राइम मीनिस्टर्स डिसाइड) के साथ ही जपने के लिए माला की मांग की गई। साथ ही पत्नी सुनीता के साथ ही मंत्री आतिशी से भी मिलने की अनुमति भी मांगी। पिछली सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की रिमांड 1 अप्रैल तक बढ़ा दी थी, जो आज खत्म हो गई।

ईडी ने पहली बार लिया आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम

सुनवाई के दौरान ईडी ने पहली बार केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज का नाम लिया। ईडी के वकील ने कोर्ट के सामने कहा कि पूछताछ में अरविंद केजरीवाल ने बताया है कि शराब नीति कांड में आरोपी विजय नायर तो आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करता था। इस तरह केजरीवाल ने विजय नायर के बयानों से पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। केजरीवाल की ओर से अब तक जमानत की अर्जी दाखिल नहीं की गई है। माना जा रहा है कि केजरीवाल जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं। आज की सुनवाई के दौरान ईडी ने और रिमांड मांगने से इनकार करते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही ईडी ने केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का मतलब है कि केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेजा जाएगा। सुनवाई के लिए केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी कोर्ट में मौजूद रहीं। कोर्ट ले जाते समय अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जो कर रहे हैं, वो देश के लिए ठीक नहीं है। अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 22 मार्च को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां 28 मार्च तक कस्टडी में भेज दिया गया था। 28 मार्च को हुई सुनवाई में कोर्ट ने रिमांड 1 अप्रैल तक बढ़ा दी थी। पिछली सुनवाई में खुद केजरीवाल ने अपनी बात कोर्ट के सामने रखी थी। पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दावा किया था कि केजरीवाल बड़ा खुलासा करेंगे, हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। केजरीवाल ने वो ही बातें कहीं, जो उनके वकील कह चुके हैं।

हाई कोर्ट में भी बुधवार को अहम सुनवाई

इस बीच, केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का रुख भी किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मुस्लिम पक्ष को झटका, व्यास तहखाने में जारी रहेगी पूजा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट से आज मुस्लिम पक्ष को तगड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा कि व्यास जी तहखाने में पूजा जारी रहेगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने व्यास तहखाने में पूजा करने के वाराणसी कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने तहखाने में पूजा के खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका पर निचली अदालत के याचिकाकर्ता शैलेंद्र व्यास को नोटिस जारी किया। ज्ञानवापी परिसर में व्यास तहखाने में पूजा के खिलाफ लगाई गई याचिका पर अब जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष का दावा है कि उससे पहले तहखाने में शृंगार गौरी की पूजा होती थी, मगर 1991 में जब पूजास्थल अधिनियम बना, तो राज्य सरकार ने उसे बंद करा दिया।

दरअसल हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर तोड़ कर हुआ है, इसलिए उस पर उसे स्वामित्व दिलाया जाए। यह मामला लंबा खिंचता गया। व्यास तहखाना भगवान नंदी के ठीक सामने स्थित है। यह व्यास परिवार का तहखाना है। मस्जिद के ग्राउंड फ्लोर में साल 1993 तक यहां पूजा होती थी लेकिन नवंबर 1993 में सरकार द्वारा यहां पूजा बंद करा दी गई और पुजारियों को हटा दिया गया।

चुनाव पहले फंसे कर्नाटक डिप्टी सीएम शिवकुमार, भाजपा पर बोला तो एफआईआर हुई

बैंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने के आरोप में उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और कांग्रेस नेता बी.आर. नायडू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस ने सोमवार को कहा कि एफआईआर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। कांग्रेस पार्टी ने कथित तौर पर भाजपा के प्रचार पोस्टरों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया था और सोशल मीडिया पर अपमानजनक अभियान चलाया था। शिवकुमार कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। पुलिस ने उनके और बी.आर. नायडू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (ए) (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 504 (जानबूझकर अपमान करना, उकसाना), 506 (आपराधिक धमकी) और 464 (झूठे दस्तावेज बनाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा लीगल सेल के पूर्व सचिव योगेंद्र होदाघट्टा ने कांग्रेस पार्टी के ÷अपमानजनक÷ पोस्टरों को लेकर बेंगलुरु में जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष एक निजी याचिका दायर की थी।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा के प्रचार पोस्टर की सामग्री को कांग्रेस द्वारा तोड़-मरोड़कर जनता के सामने पेश किया गया। कोर्ट ने जालसाजी और दो समूहों के बीच नफरत फैलाने के आरोप में जांच के आदेश दिए थे।

गुजरात क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में ईडी का एक्शन, दिव्येश दर्जी समेत अन्य की 433 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। ईडी ने गुजरात में क्रिप्टो करेंसी घोटाले में संलिप्तता के लिए यूके स्थित क्रिप्टो कंपनी बिटकनेक्ट के एशिया प्रमुख दिव्येश दर्जी और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 433 करोड़ रुपये की चल संपत्ति जब्त की है।

इस घोटाले में लोगों को उनके निवेश पर भारी रिटर्न पाने का लालच देकर लाखों रुपये की हेराफेरी की गई। जब्त की गई संपत्तियों में क्रिप्टोकरेंसी, सोना और नकदी शामिल है।

2002 के प्रविधान के तहत कुर्क की गई संपत्ति

ईडी ने सोमवार को कहा कि संपत्ति पीएमएलए 2002 के प्रविधान के तहत कुर्क की गई। ईडी ने दिव्येश दर्जी, सतीश कुंभानी, शैलेश भट्ट और अन्य आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत सीआइडी गुजरात द्वारा दर्ज की गई एफआइआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी ने कहा कि जब्त की गई संपत्तियां संबंधित व्यक्तियों द्वारा उनकी वैध आय से हासिल नहीं की गई थीं।

कांग्रेस ने देर रात जारी की एक और लिस्ट, महाराष्ट्र और तेलंगाना में उम्मीदवारों का ऐलान

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक और लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने अपनी 10वीं लिस्ट में दो उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। महाराष्ट्र के अकोला से अभय काशीनाथ पाटिल को टिकट दिया गया है। जबकि कादियाम काव्या वारंगल तेलंगाना से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि इससे पहले कांग्रेस ने शुक्रवार को पांच उम्मीदवारों की अपनी नौवीं सूची जारी की थी। पार्टी ने सीपी जोशी को राजस्थान के भीलवाड़ा से मैदान में उतारा है और दामोदर गुर्जर को राजस्थान के राजसमंद से टिकट दिया है। कांग्रेस ने अब तक कुल 215 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है।

प्रदेश में हनीट्रैप गैंग सक्रिय.. हर दिन हो रही लड़कियों की सप्लाई, कई लखपति फंसे, अब फूटा मामला

बलोदा बाज़ार। बलौदाबाजार जिला बनने के बाद यह अपराध की दुनिया में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बड़े-बड़े शहरों की तरह यहां भी कारोबारियों, अफसरों को हनीट्रैप में फंसाया जा रहा है। इसका हाल ही में भंडाफोड़ हुआ जब दो लोग अपनी शिकायत लेकर पुलिस के सामने आए।

उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें लड़की सप्लाई की थी। उनके साथ वे एक कमरे में गए। कुछ ही देर में नकली पुलिसवाले आ गए। फंसाने की धमकी देने लगे। इस रैकेट ने 2 लोगों से ही 25 लाख रुपए की ठगी की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि और भी लोग इस रैकेट के शिकार हुए होंगे, जो बदनामी के डर से सामने नहीं आ रहे हैं।

बलौदाबाजार में बीते कुछ महीनों से एक संगठित गिरोह लोगों को हनीट्रैप के जाल में फंसाकर ठगने का काम कर रहा था। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा भयादोहन कर,

झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए, लाखों रुपए की वसूली करने वाले इन आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना सिटी कोतवाली में प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष से विस्तृत पूछताछ की गई है। जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था। कभी वीडियो बनाकर, कभी समाज में जलील करने तो कभी पुलिस में झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम उगाही की जाती थी। लोगों को डराने वे नकली पुलिस का भी इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर जांच कर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है।

आरोपियों की तलाश में कई ठिकानों पर छापे

पुलिस द्वारा अपराध से संबंधित सुसंगत साक्ष्य के संकलन के लिए विधि द्वारा विहित प्रावधान के परिपालन में सर्च वारंट जारी कर संदेहियों के निवास एवं अन्य ठिकानों में सर्च अभियान जारी किया है। प्रकरण के मुख्य सरगना दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फ प्रत्युष मरैया, शिरीष पांडे अभी फरार हैं। दुर्गा टंडन के घर के बाहर पुलिस बल लगा दिया गया है। प्रकरण के सरगना की पता तलाश के लिए पुलिस की 5 स्पेशल टीम बनाकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर बोले पीएम मोदी, बैंक ने अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखी

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आज 90वीं वर्षगांठ है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में आरबीआई के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां 90 रुपये का एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। आरबीआई के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास भी मौजूद रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में महाराष्ट्र के गवर्नर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भगवत कराड भी मौजूद थे।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का रिजर्व बैंक एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंचा है। आरबीआई ने अपने 90 साल पूरे किए हैं। एक संस्थान के रूप में आरबीआई आजादी के पहले और आजादी के बाद का गवाह है। आज पूरी दुनिया में आरबीआई की पहचान उसके प्रोफेशनलिज्म और कमिटमेंट की वजह से बनी है। मैं आप सभी को आरबीआई की स्थापना के 90 साल पूरे होने की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने समय-समय पर अपनी विश्वसनीयता साबित की है और विश्व के कई बड़े देशों के केंद्रीय बैंक के सामने आरबीआई ने अपने कामकाज को बेहतर साबित किया।

पीएम मोदी ने कहा, अगले 10 साल के टारगेट को तय करते हुए हमें एक बात और ध्यान रखनी है। वो है भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को। भारत आज दुनिया के सबसे युवा देश में से एक है। इस युवा आकांक्षाओं को पूरा करने में आरबीआई का अहम रोल है। आज देश देख रहा है- जब नीयत सही होती है, तो नीति सही होती है। जब नीति सही होती है, तो निर्णय सही होते हैं और जब निर्णय सही होते हैं, तो नतीजे सही मिलते हैं।

उन्होंने आगे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं जब 2014 में रिजर्व बैंक के 'अस्सी-वें' वर्ष के कार्यक्रम में आया था, तब हालात एकदम अलग थे। भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम की स्थिरता और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था और आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक मजबूत और टिकाऊ प्रणाली माना जा रहा है। जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था, वो बैंकिंग सिस्टम अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय जो लोग आरबीआई से जुड़े हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने कृत संकल्पित - संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे आज सुबह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय बैठक में सम्मिलित होने के पश्चात जिले के ग्राम लासाटोला, नवापारा, बदराडीह, सोहगपुर एवं छांटा में सघन जनसम्पर्क करते हुए ग्रामीणों के बीच जनसभाओं को संबोधित किया।

इस दौरान श्री पांडे का ग्रामीणों एवं माता बहनों ने विजय तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया एवं उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया अनेक स्थानों पर बुजुर्ग माताओं ने श्री पांडे को आशीर्वाद दिया वहीं बहनों ने आरती उतारी। वे देर शाम मैनपुरी, मुड़घुसरी, चिमागोंदी, भालूटोला मे भी जनसम्पर्क करते हुए जनसभाओं को संबोधित करेंगे। विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा की केंद्र में कांग्रेस शासन के 10 वर्ष एवं प्रदेश में 05 वर्षों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुच गया था। केंद्र में भाजपा की सरकार आने की पश्चात भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने का काम किया गया हैं, इसके लिए केंद्र की सवैधानिक संस्था ईडी एवं सीबीआई जांच करके दोषियों पर कार्यवाही कर रही हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे हैं, उन्हे सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही हैं, उन्होंने कहा कि ईडी एवं सीबीआई एक स्वतंत्र संस्था हैं जो अपना काम कर रही हैं उसमे भाजपा का कोई हस्तक्षेप नहीं हैं। श्री पांडे ने कल दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाव रैली को भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली करार दिया और कहा की 'मोदी हटाओं' के लक्ष्य पर काम करने वाले विपक्ष का जनता के हित और देश के विकास से कोई सरोकार नहीं हैं, उन्होंने आगे कहा की उक्त रैली ऐसे राज्य दिल्ली में हुई हैं जहां का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में हिरासत में हैं, भाजपा देश में हुए भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित हैं। श्री पांडे ने छत्तीसगढ़ राज्य की बात करते हुए महादेव एप, आबकारी घोटाला, चाँवल घोटाला सहित अनेक भ्रष्टाचार के मामलों पर कहा की इन घोटालेबाजों पर भी ईडी एवं सीबीआई शिकंजा कस चुका हैं। इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल के विरुद्ध भी उक्त घोटालों में सम्मिलित होने के प्रमाण मिल रहें हैं, समय आने पर इन पर भी ईडी एवं सीबीआई अपना काम करेगी।

कोई भी दोषी बखसे नहीं जाएंगे। श्री पांडे ने आम मतदाताओं से अपील की कि घोटालों में संलग्न प्रत्याशी को भारी मतों से पराजित करने हेतु अपना मतदान करें एवं कमल फूल को विजयी बनाकर देश में नरेंद्र मोदी को सशक्त बनावे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी, चंदन पटेल, पर्यटन वर्मा, शंकर सोनवानी, देव चौबे, लाल कौशिक, सीदार पटेल, बिसेन कौशिक, अश्वनी कौशिक सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसपी मोहित गर्ग ने रात में शहर के सभी पेट्रोलिंग जोनल का किया निरीक्षण

0 शहर के सभी पेट्रोलिंग जोनल प्रभारी को भारत माता चौक के पास ब्रीफकर दी गई हीदायत

0 गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने हेतु कहा गया।

राजनांदगांव (दावा)। कल 31 मार्च की देर रात स्वयं रात्रि गश्त प्रणाली एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था का अवलोकन करने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शहर की सड़कों पर निकले। उन्होंने भारत माता चौक के पास शहर के सभी पेट्रोलिंग जोनल प्रभारियों को ब्रीफ कर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर रखते हुये गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने को कहा।

विभिन्न चौक चौराहों में पहुंचकर रात्रि गश्त ड्यूटी में तैनात गश्ती टीम एवं स्टेटिक प्वाइंट के जवानों को चेक कर जवानों की हौसला अफजायी करते हुए उन्हें अच्छे से व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने तथा चौक चौराहों एवं गली मोहलों में गश्त करते रहने और रात्रि में घुमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर संदिग्ध पाये जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने की बात कही। पुलिस अधिक्षक ने सभी गश्त अधिकारियों को लगातार सतर्क रहते हुए जागरूक रहते हुए आपस में परस्पर समन्वय बनाते हुए पूरी सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश भी दिए है।

पहला कॉलम...

ड्राईग ग्रेड परीक्षा के नतीजे घोषित

दीपचंद चित्रकला केन्द्र के विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धि हासिल की

राजनांदगांव (दावा)। ओसवाल लाईन में संचालित दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र के छात्रों ने महाराष्ट्र शासन द्वारा आयोजित ड्राईग ग्रेड परीक्षा के सम्मिलित होकर सफलता हासिल की।

संस्था के सभी के अध्यक्ष सुश्री रीमा साहू ने बताया कि सभी विद्यार्थियों मुख्य प्रशिक्षक दीपचंद सर के मार्गदर्शन में ड्राईग ग्रेडस प्राप्त किए है। जिसमें ऐलीमेन्ट्री ड्राईग परीक्षा में टुमन पटेल, नैन्सी अग्रवाल, राशि कोटडिया, मोनालिका साहू, अभिनव सोनी, खुशी सोनी ने ए ग्रेड प्राप्त किया, जबकि आकांक्षा भीमनानी, वानी भीमनानी, हिमानी भूतड़ा, वीना देवांगन, युवराज गड़पायले, अमूल्या जैन, नव्या खण्डेलवाल, यश कुमार साहू एवं श्रीमती अनिता वर्मा ने ड्राईग में बी ग्रेड प्राप्त किया। इसी प्रकार इन्टरमीडिया ड्राईग परीक्षा में कादम्बिनी पाण्डेय ने ए ग्रेड श्रीमती डिकेश्वरी साहू, हुमेश साहू, हेमंत यादव ने बी ग्रेड तथा श्रीमती मोना साहू ने ड्राईग परीक्षा सी ग्रेड प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की सफलता से खुश होकर पालकों ने चित्रकला केन्द्र के प्रशिक्षण को दीपचंद सर को बधाई दी है।

गोबर घोटाला करने वाले भूपेश बघेल की जमानत होगी जप्त - नीलू शर्मा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा की 'ए लड़की नेतागिरी मत कर' कहने वाले लोग अब नारी न्याय गारंटी योजना बना कर आमजनों से वोट मांग रहे है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की घोटालो से सुसज्जित सरकार का हाल पुरे प्रदेश ने देखा है अभी होने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का यही हाल होना है।

जिस प्रकार से भूपेश बघेल ने लगातार राजनांदगांव की अनदेखी की थी उसे जनता भूली नहीं है, और सीधा भूपेश बघेल को वापस पाटन भेजने को तैयार बैठी है। राजनांदगांव जिले को अव्यवस्थित तरीके से छिन्न-भिन्न करने वाले श्री बघेल ने दो नए जिले तो बना दिए किन्तु उन जिलों में अधोसंरचना हेतु संशाधनों के किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की उलटे प्रमुख कार्यालय के विभाजन को लेकर नागरिकों में रोष की स्थिति उत्पन्न कर दी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि भयंकर अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस को आत्म चिंतन की आवश्यकता है। पूर्व मुख्यमंत्री के दौरे में लगातार स्थानीय नेता नदारद रहते है जिससे 'कांग्रेस का हाथ, खुद के साथ न होने' की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। लोकसभा क्षेत्र की जनता सीधे भूपेश बघेल को वापस भेजने हेतु सज्ज है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
राजा खान की खुशबू फिल्म वर्ल्ड की प्रस्तुति
चाहत
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - आकाश सोनी, यास्मीन जायसवाल

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd To 04th April 2024
silver SCREEN

Bengal 1947- 06:00 pm
Crew - 03:00, 06:30 and 09:00 pm
Godzilla x Kong, The New Empire - 03:30 & 09:30 pm
Bastar The Naxal Story- 12:00 pm
Shaitaan -12:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

कु. शैल साहू का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड ग्राम दिवानभेड़ी के निवासी व कार्यालय लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव में कार्यरत केवलदास साहू की पुत्री कु. शैल साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में चयन हुआ है। कु. शैल साहू बचपन से ही होनहार छात्रा एवं पढ़ाई में हमेशा अव्वल रही है। कु. शैल साहू अपने उपलब्धि का श्रेय भारतीय पब्लिक स्कूल डोंगरगांव एवं नवोदय कोचिंग सेंटर मुसराकला (शिक्षक) दीनदयाल साहू, माता पिता व अपने परिवार के लोगों को श्रेय दिया है। कु. शैल साहू के चयनित होने पर साहू समाज, समस्त शिक्षकगण, लो.नि.वि. के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व ग्रामीणों ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विभा कोर्राम का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल क्षेत्र स्तिथ प्राथमिक शाला ग्राम बागरेकसा में अध्यनरत कुमारी विभा कोर्राम का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए हुआ है। विभा कोर्राम रूपेंद्र कोर्राम शिक्षक की सुपुत्री है। विभा के पिता रूपेंद्र कोर्राम माता धनमत कोर्राम शिक्षक छोटूराम सिन्हा, रिखी राम चंद्रवंशी विशेषर सिन्हा, प्रधान पाठक मोहनपुर मनीष पसीने, बागरेकसा नरेश वर्मा, केशव विश्वकर्मा, सुंदर चंद्रवंशी एवं संकुल के समस्त शिक्षकों ने विभा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

निगम आयुक्त गुप्ता ने वार्ड भ्रमण कर मूलभूत सुविधा का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के अधिकारी रोज सुबह सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा ले रहे है, इसी कडी में आज आयुक्त अभिषेक गुप्ता सुबह अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 44 व 45 के आर.के.नगर, जीवन कालोनी, सृष्टि कालोनी, आर्शीवाद कालोनी एवं कौरिनभाठा में पैदल भ्रमण कर मूलभूत सुविधा सफाई, पानी के अलावा निर्माण कार्य देख लोगों से रूबरू होकर अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता कौरिनभाठा में साफ सफाई का जायजा लिया और सुलभ शौचालय में साफ सफाई के अलावा पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने संचालक को निर्देशित किये। कौरिनभाठा तालाब के आस पास की गंदगी गैंग लगाकर सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा। उन्होंने आर्शीवाद कालोनी, सृष्टि कालोनी क्षेत्र में साफ सफाई का जायजा लेकर निर्धारित समय तक सफाई करने, बिना कारण अनुपस्थिति पर कार्यवाही करने के साथ साथ आर्शीवाद कालोनी में गंदगी देख सफाई कराने तथा डिवाईडर के दोनों ओर कचरा उठाने के निर्देश दिये। वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान कौरिनभाठा तालाब के पास क्षतिग्रस्त पुलिया के मरम्मत करने, तालाब में टो वाल एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य में तराई करने व गति लाकर कार्य जल्द पूर्ण करने तथा तालाब के किनारे की जगह में छोटा उद्यान बनाने स्टीमेट तैयार करने प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा, ताकि उक्त स्थल साफ सुथरा एवं व्यवस्थित रहे। कौरिनभाठा में चल रहे नाली निर्माण कार्य व आर्शीवाद कालोनी में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर पूर्ण कार्य का बिल तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि होली से निर्माण कार्य बंद है, ठेकेदारों को निर्देशित कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराकर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराये। अवैध कालोनियों की जॉच कर नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करें। वार्डो में पानी की भी जॉच कर प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें।

निरीक्षण के दौरान उपअभियंता दीपक महला व अनिमेष चंद्राकार, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

सुरगी में स्वीप संगोष्ठी में महिला एवं पुरूष किसानों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

मोर वोट मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने लिया गया संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर लगातार नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा स्वीप संगोष्ठी आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी में आयोजित किया गया।

स्वीप संगोष्ठी में पुरूष किसानों के अलावा बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भी भाग लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। जिला स्वीप टीम द्वारा स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से अवगत करते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी गई। संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। किसानों को बताया गया कि जिस प्रकार से खेती में अच्छी फसल के लिए अच्छे बीज, निदाई, गुड़ाई, खाद की आवश्यकता होती है, ठीक वैसे ही लोकतंत्र में अच्छे संसद के चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान की आवश्यकता होती है। किसानों को मतदान के महत्व को समझाया गया। लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी किसानों को अपने परिवार, रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। संगोष्ठी में किसानों को बताया गया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। इस उद्देश्य के साथ मतदाता शपथ सभी किसानों को दिलाया गया। सभी किसानों से मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्य का पालन करने की अपील की गई।

स्वीप संगोष्ठी के अवसर पर पुरूष एवं महिला किसानों ने मतदाता की शपथ लेकर मोर वोट मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, उप आयुक्त सहकारिता विभाग श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, सहायक संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयसिंह खेंगर, टीडी मारकंडे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सरिता रामटेके, कृषि विकास अधिकारी रामशिला गौरकर तथा जिला स्वीप टीम के सदस्य, किसान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि पक्षकारगण आवेदक गौरव खन्ना आ. भगत सिंह खन्ना उम्र-35 वर्ष निवासी-दीनदयाल नगर वार्ड नंबर 06 थाना-ओ.पी.-चिखली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका पायल कश्यप आ. श्री संतोष कश्यप उम्र 33 वर्ष निवासी-इंदिरा मार्केट वार्ड नंबर 32 थाना-सिटी कोतवाली तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 30/04/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक:-20/03/2024
पेशी तारीख:- 30/04/2024

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. 202403092100034
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रद्धा अग्रवाल पति श्री नीरज अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी पटेल वार्ड नंबर 17 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के द्वारा नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 03, भूखण्ड क्रमांक 1090/2 रकबा क्षेत्रफल 750 वर्गफुट को आप विक्रेता वीरेन्द्र कुमार जैन पिता लीलाधर जैन निवासी डोंगरगढ़ के आधिपत्य एवं स्वामित्व से दिनांक 04/07/2023 को विधिवत् बैनामा पंजीयन के माध्यम से क्रय की हूं। आवेदिका के द्वारा उक्त क्रय भूमि का प्रतिफल आपस में भर पाये है तथा विक्रय की कोई रकम बकाया नही है। आवेदिका के द्वारा क्रय भूमि का प्रमाणिकरण अपने नाम से करवाना चाहती है एवं राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08/04/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, विगत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी एवं
नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402093700037
अ-6, वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम साहू आ. स्व. भैयाराम साहू, निवासी-ग्राम बुद्धभरदा, तह. डोंगरगाँव, जिला- राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला लखोली स्थित शीट क्रमांक 77 बी, भूखण्ड क्रमांक 116/1, 116/4, क्षेत्रफल क्रमशः 167.10 वर्गमीटर, 64.90 वर्गमीटर जो धारक सदाराम आ. गंधर साहू एवं भूखण्ड क्रमांक 122, क्षेत्रफल 127.00 वर्गमीटर जो कि धारक इतवारी उर्फ सदाराम आ. गंधर, निवासी-लखोली, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर भूखण्ड के धारक सदाराम आ. गंधर की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया

अतः उक्त भूमि/ मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 08.04.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

नई आबकारी नीति के तहत शराब के मूल्यों में हुई वृद्धि

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में आज से शराब की कीमतों में वृद्धि हो गई है, नई आबकारी नीति के तहत कीमत बढ़ाई गई है। प्रदेश में अब आज से क्वार्टर में 10 रुपये और बोतल में 40 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के सभी सेस हटाए और नई नीति के तहत शराब की कीमतों में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस नई नीति के अनुसार, शराब की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे गौठान के विकास, कोरोना के समय लगाए सभी टैक्स हटाए जाने और अधोसंरचना और विकास के लिए आवश्यक निवेश को कारण बताया गया है। नई नीति के अनुसार, शराब की बढ़ी हुई कीमतें आज से ही लागू हो गई है।

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह 31 मार्च को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विप्रजनों ने परंपरागत बैसवारी फाग का अनवरत गायन कर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। 31 मार्च रविवार को कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के सदस्यों ने कौरिनभाठा स्थित कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन में होली मिलन का आयोजन किया।

कार्यक्रम में राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं अंबागढ़ चौकी तथा केसरी टोला के विप्रबन्धु भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम संरक्षकगण ऋषिकुमार तिवारी, डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, प्रो. आर. पी. दीक्षित, प्रकाशचंद्र शुक्ला, अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा एवं उपाध्यक्ष वी. डी. तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती का पूजन किया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ राजनांदगांव की फाग मंडली के द्वारा बैसवारी फाग से किया गया।

इसके पश्चात् अंबागढ़ चौकी व केसरी टोला के सदस्यों ने फाग गायन किया जो सिलसिला अपरान्ह 04.00 बजे तक चलता रहा। होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विवेक शुक्ला, अखिलेश तिवारी, भूपेंद्र बाजपेई, मोहन मिश्रा, शैलेंद्र वाजपेई, प्रभात बाजपेयी, अजय शुक्ला, मुकेश तिवारी, डॉ. नीलम तिवारी, श्रीमती रमा तिवारी, विकास शुक्ला, लक्ष्मी शंकर तिवारी, अशोक मिश्रा, राहुल मिश्रा, दिनेश अवस्थी, संजय मिश्रा, वीडी तिवारी, धीरज दिवेदी, गीता तिवारी, शशि तिवारी, संध्या त्रिवेदी, अनिल बाजपेई, जगदीश प्रसाद मिश्रा, श्रीमती शांति मिश्रा, राजेश मिश्रा, मोहिनी शुक्ला, श्रीमती ममता अवस्थी, प्रियंका तिवारी, अजय कुमार मिश्रा, सुरेंद्र दुबे (डोंगरगांव), सुशील कुमार तिवारी, सुनीला शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी, शोभा शंकर त्रिपाठी, बचनेश त्रिपाठी, सुधीर शुक्ला, अविनाश त्रिपाठी, प्रथम त्रिपाठी, सत्यम वाजपेई, रुद्राक्ष त्रिपाठी, राजीव कुमार तिवारी, आशीष त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, प्रभात तिवारी, जगदीश मिश्रा, अविनाश अवस्थी, संजीव मिश्रा, शुभ्रा मिश्रा, निर्मल शुक्ला, गीता शुक्ला, शक्ति मिश्रा, अनीता बाजपेयी, स्वाति शुक्ला, विभा द्विवेदी, अर्पिता मिश्रा, कल्पना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-5-7
900-9 448-6
राजधानी
2-6-0
347-4 350-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

रायपुर (दावा)। निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीके अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई.एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

सी-विजिल एप

इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भडकाऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

सक्षम मोबाइल एप

नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल (सर-फ्रेंडली) बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

सुविधा कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

वोटर टर्न ऑउट एप

इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) एप - राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीज़र) की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा व पुत्र यश के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उसके बेटे यश टुटेजा के खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बता दें कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुए कथित शराब घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय ने शुरू की थी, जिसे कुछ दिनों पहले राज्य सरकार की एजेंसी एसीबी और ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट में पूर्व में शराब घोटाले में ईडी की ओर से दर्ज एफ्आईआर कार्रवाई पर रोक लगाई जा चुकी थी। एसीबी की जांच शुरू होने पर टुटेजा ने फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, मगर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने के लिए कहा था। हाईकोर्ट में टुटेजा की ओर से दायर याचिका पर सोमवार एक अप्रेल को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से उनके अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव व सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में इसी मामले में नोएडा, यूपी में अपराध दर्ज किया जा चुका है। एक ही मामले में दो अपराध दर्ज नहीं किए जा सकते। सुनवाई के बाद जस्टिस एन.के. चंद्रवंशी की बेंच ने अगले आदेश तक अनिल टुटेजा व यश टुटेजा के विरुद्ध किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा ही है। कोर्ट ने एसीबी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश भी दिया है।

हाईकोर्ट में इस मामले की ईडी की ओर से पैरवी उपमहाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडेय और एसीबी-ईओडब्ल्यू की ओर से अधिवक्ता रनबीर सिंह मरहास ने की।

ग्राम खुज्जी के आम बगीचा में जुआ खेलते 5 लोगों से 13780 रुपये जप्त

52 पत्ती के शौकिनों को डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथों धर दबोचा

डोंगरगांव (दावा)। थाना डोंगरगांव ने आज पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी, लूट, अवैध शराब बिक्री जैसे संवेदनशील मामलों पर नजर रखी जा रही है।

थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा प्राप्त मुखबीर सूचना पर ग्राम खुज्जी के छोटे आमा बगीचा के बीच छांव में जुआ के फड़ पर अचानक पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर 05 जुआरियानों को रंगे हाथों धर दबोचा एवं जुआरियान आरोपी के पास से व जुआ के फड़ से कुल नगदी 13780 रूपये एवं 52 पत्ती ताश व सफेद रंग के प्लास्टिक की एक बोरी को जप्त कर जु.आरियान दिनेश सिंह परिहार पिता बृजलाल परिहार, उम्र- 40 साल पता- राजपूत पारा, ग्राम दर्री, शेषनारायण ठाकुर पिता खोरबाहाराम ठाकुर, उम्र- 35 साल, पता- ग्राम खुज्जी, गोविंद कुमार पिता अनुजराम, जाति हल्बा उम्र-26 पता- ग्राम संबलपुर, विनय देवांगन पिता कुंदन देवांगन उम्र- 30 साल, पता- ग्राम खुज्जी, अक्षय कुमार देवांगन पिता लक्ष्मण कुमार देवांगन उम्र- 29 साल पता- ग्राम खुज्जी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा- छ.ग. जुआ प्रतिशेध अधिनियम वर्ष 2022 की धारा- 3(2) के तहत अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

एएसपी-सीएसपी ने मनगटा के रिसोर्टों का किया आकस्मिक निरीक्षण

० ठहरने वाले अगन्तुकों की आईडी प्रुफ आदि की जांच करने हेतु दी गई हिदायत
० रिसोर्ट संचालकों को सख्त हिदायत दी गई की अनैतिक कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा अलर्ट हैं। आज पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक द्वारा अपने दल बल के साथ मनगटा स्थित रिसोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिसोर्ट के रजिस्टर को चेक किया गया व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई सभी रिसोर्ट संचालकों निर्देश दिया गया कि रिसोर्ट मे ठहरने वाले अगंतुकों की आईडी आदि की जांच करें, कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। साथ ही निर्देश दिए गए कि किसी भी रिसोर्ट में अनैतिक कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनगटा के सारे रिसोर्ट को जांच करने के दौरान कुछ रिसोर्ट में अनियमितता पाई गई है, उस अनियमितता को दूर करने के लिए रिसोर्ट संचालकों को स्पष्टीकरण नोटिस दिया गया है, जिसका जवाब तीन दिवस के भीतर देने हेतु कहा गया है।

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, सोमनी प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पटले, घुमका प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार व पुलिस स्टाफ तथा मध्य प्रदेश से एसएएफ के जवान लगभग 100 से अधिक अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

ग्रीष्म ऋतु में सुचारू जल आपूर्ति के लिये आयुक्त ने लगायी तकनीकि अधिकारियों की ड्यूटी

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम सीमाक्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में शहर वासियों को सुचारू रूप से जल आपूर्ति किये जाने आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने तकनीकि अधिकारियों की ड्यूटी लगायी है। जल प्रदाय विभाग से सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिये कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके मो.नं. 9827118810 को प्रभारी अधिकारी एवं प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम मो.न. 8319070267 को सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है।

साथ ही व्यवस्था में सहयोग करने उप अभियंताओं की वार्डवार ड्यूटी लगायी गयी है। जिसमें उप अभियंता दीपक माहला मो.नं. 9691391911 को वार्ड नं. 8,9,16,45 व 46 का, श्रीमती ज्योति साहू मो.नं. 8770999761 को वार्ड नं. 29,38,50 एवं 51 का, सुश्री सुषमा साहू को मो.नं. 7828523391 को वार्ड नं. 1,2,3, 4,5,10 व 12 का, श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 9770519691 को वार्ड नं. 31,32,33 व 34 का, डागेश्वर कर्ष मो.नं. 8349505814 को वार्ड नं. 7,11,13,14 व 15 का, अनिमेष चंद्राकर मो. नं. 9669011211 को वार्ड नं. 6,41,42,43 व 44 का, तिलकराज धुर्वे मो.नं. 9907002411 को वार्ड नं. 39,40,47,48 व 49 का, अशोक देवांगन मो. नं. 8357992380 को वार्ड नं. 19,22,23,24 व 25 का, अनुप पांडे मो.नं. 7470547009 को वार्ड नं. 17,18,26,27,28 व 30 का एवं सुश्री आयुषी सिंह मो.नं. 7000599917 को वार्ड नं. 20,21,35,36 व 37 का दायित्व सौपा गया है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त अभियंता अपने अपने वार्डों में पाईप लाईन लिकेज, गंदे पानी की शिकायत, पेयजल आपूर्ति कम होने, नलो में टोटी न होने की शिकायत प्राप्त होने के साथ-साथ अमृत मिशन योजनांतर्गत वार्डों में इंटर कनेक्शन एवं रेस्टोरेशन, नल कनेक्शन यदि शेष हो तो वार्डवार सूची तैयार कर प्र.सहायक अभियंता जल प्रदाय को प्रस्तुत करे एवं इंटर कनेक्शन होने के पश्चात पुरानी पाईप लाईन को बंद किया जाना सुनिश्चित करेंगे।.

वार्डों में पानी न मिलने की शिकायत पर फीटर/अमृत मिशन की एजेन्सी से सम्पर्क कर तत्काल निराकरण करेंगे। ताकि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल सुचारू रूप से अपूर्ति की जा सकें।

प्रत्येक बूथ में 370 वोटों की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य युवा मोर्चा पूरा करें - पारख

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की एतिहासिक विजय के लिए युवा मोर्चा ने रणनीति तैयार की

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को एतिहासिक विजयश्री दिलवाने के लिए भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय महाजन बाड़ी में भाजयुमो की जिला कार्य समिति की विशेष बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा की भूमिका सुनिश्चित करने रणनीति तैयार करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन किया।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारी अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सहसमन्वयक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने बीतें अनेक चुनाव के अनुभव को साझा किया और बताया की हर बूथ में पिछले चुनाव से इस चुनाव में 370 वोटों की बढ़ोत्तरी करने की जुम्मेदारी युवा मोर्चा के कंधों पर है, इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की चुनावी युद्धनीति के अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्रों में कुल मतदान का 50 प्रतिशत से भी अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य हम सभी को मिलकर पूरा करना हैं।

श्री पारख ने आगे कहा कि मोदी जी की सारी जनहितकारी योजनाएं कालजयी हैं, इन योजनाओं का प्रचार एवं जानकारी ग्रासरूट स्तर तक हो इसके लिए युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को जन-जन तक पहुचना आवश्यक है, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवा चौपाल के माध्यम से चर्चा-परिचर्चा करें, युवाओं के साथ चाय पर चर्चा कर माहौल को भाजपामय बनाने के उत्तरदायित्व को संभालने के लिए आगे आवे।

बैठक को पूर्व सांसद व लोकसभा चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने संबोधित करते हुए कहा की नये मतदाताओं को भाजपा की ओर आकर्षित करने हेतु युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नये मतदाताओं तक पहुंचे और उन्हे मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के द्वारा युवाओं के लिए चल रही एवं नवीन योजनाओं से अवगत करायें।

बैठक को लोकसभा चुनाव सहसंयोजक दिनेश गांधी एवं नीलू शर्मा, जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, युवा मोर्चा के लोकसभा प्रभारी पीयूष सिंह ठाकुर, सहप्रभारी आलोक श्रोती, जिला युवा मोर्चा के प्रभारी आकाश सिंह ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गगन आईच, किसन यदु, सोमेश मानिकपुरी, श्रेणिक बोथरा, विवेक शर्मा, सोमेश वर्मा, देवाशीष झा, उज्ज्वल कसेर, व चिंटू सोनकर ने संबोधित किया।

बैठक के प्रारंभ मे युवा मोर्चा के महामंत्री गोलू सूर्यवंशी के स्वागत उदबोधन दिया एवं आभार प्रदर्शन टिकेश साहू ने किया। इस दौरान पूरे जिले भर से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बैठक के मध्य 'अबकी बार 400 पार' का उद्घोष कर अपने उत्साह का प्रदर्शन करते रहें।

खडेलवाल महिला मंडल ने मनाया इंद्रधनुषी सतरंगी रंग रंगीला होली महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव खंडेलवाल महिला मंडल ने मनाया रंग रंगीला होली महोत्सव। खंडेलवाल महिला मंडल की उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष शशि खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल के नेतृत्व में इंद्रधनुषी सतरंगी रंग रंगीला होली महोत्सव मोतीनाथ मंदिर में भगवान को रंग गुलाल लगाकर प्रारंभ हुआ प्रभु को गुजिया एवं ठंडाई का भोग अर्पित किया गया। रंग रंगीली होली के मधुर भजनों की प्रस्तुति में फागुन में उड़े रे गुलाल, आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेल रहे बांके बिहारी, रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेल दे, अन्य भजनों पर सभी ने नृत्य करते हुए एक दूसरे को इंद्रधनुषी सतरंगी रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ शारदा खंडेलवाल, छाया खंडेलवाल, उषा खंडेलवाल, सरोज खंडेलवाल, साधना खंडेलवाल, शैल खंडेलवाल एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही। होली महोत्सव को सफल बनाने में प्रचार प्रसार प्रभारी प्रतिभा खंडेलवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य नीलम खंडेलवाल रोशनी खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल, माधुरी खंडेलवाल, ऋतु खंडेलवाल संध्या खंडेलवाल, पिंकी खंडेलवाल, राधा खंडेलवाल, प्रिया खंडेलवाल, ने महती भूमिका निभाई। सभी उपस्थित महिलाओं ने नास्ता ठंडाई का आनंद उठाया। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल की प्रचार प्रसार प्रभारी प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

रायसोनी परिवार की अनूठी पहलः शोकसभा में बांटा हृदय रक्षक किट

भिलाई (दावा)। नगर के प्रसिद्ध रायसोनी परिवार के यहां विमलचंद रायसोनी के आकस्मिक निधन पर आयोजित शोकसभा में उपस्थित सभी लोगों को स्व. विमलचंद रायसोनी की स्मृति में उदयाचल नेत्र चिकित्सालय से हृदय रक्षक किट मंगवा कर सभी लोगों को प्रदान की गई वर्तमान में कोरोना के बाद युवा वर्ग को हार्ट अटैक से मौत की संख्या बढ़ गई है। इसलिए सचेतक के रूप में सभी को भेंट की गई एवं उदयाचल परिवार को सहयोग राशि प्रदान की। हृदय रक्षक किट उदयाचल में 5/- में उपलब्ध है। अभी तक 10000 से ज्यादा किट वितरित की जा चुकी है। उक्त जानकारी पीआरओ बालचंद पारख ने दी।

आरपीएफ पुलिस ने दुर्ग रेलवे स्टेशन से 12 बच्चों को किया बरामद

रायपुर। छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन में 12 बच्चों को रेलवे पुलिस ने रेस्क्यू किया है। ये बच्चे लावारिस हालात में पाए गए। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे हैदराबाद स्थित बालाजी गुरुकुल के बच्चे हैं। सभी की उम्र 8 से 15 साल के बीच है. इन बच्चों को रेलवे पुलिस ने चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंप दिया है। फिलहाल हैदराबाद और बिलासपुर के कुछ परिजनों से पुलिस ने सम्पर्क कर दस्तावेज प्रस्तुत कर बच्चों को ले जाने के लिए दुर्ग बुलाया है. दुर्ग रेलवे स्टेशन में मिले इन बच्चों में असम, नागालैंड और छत्तीसगढ़ के बच्चे शामिल हैं। रेलवे पुलिस के अनुसार, आरपीएफ टीम रविवार को स्टेशन में सर्च कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर-4 पर बैठे बच्चों पर उनकी नजर पड़ी, जिनके साथ कोई पेरेंट्स नहीं थे. बच्चों से पूछताछ करने के बाद बच्चों को स्टेशन के कमरे में लाया गया और अफसरों को इसकी सूचना दी गई।

जिले के किसानों को नक्सली, खालिस्तानी व आतंकवादी कहने वाले सांसद संतोष पांडे को अन्नदाता देंगे करारा जवाब- चंदू साहू

छुरिया (दावा)। केन्द्र के तीन कृषि काला कानून का विरोध कर रहे देश के अन्नदाताओं को नक्सली, पाकिस्तानी, खालिस्तानी तथा आतंकवादी बताने वाले जिले के सांसद एवं राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को अब जवाब देने का सही समय आ गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के किसान नेता चंदू साहू ने कहा कि मोदी सरकार के तीन कृषि बिल का देश की राजधानी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे देश के अन्नदाताओं एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से इस आन्दोलन में शामिल होने वालों किसानों को नक्सली, आतंकवादी एवं पाकिस्तानी बताने वाले सांसद संतोष पांडे को अब इस जिले के अन्नदाता एवं मतदाता मुँहतोड़ जवाब देंगे।

किसान नेता चंदू साहू ने संतोष पांडे को घेरते हुए कहा कि भाजपा में अपना प्रभाव बढ़ाने व सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए संतोष पांडे जिले के किसानों का ही नही पूरे देश के अन्नदाताओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सांसद संतोष पांडे ने दिल्ली में किसान आन्दोलन में शामिल हुए लोकसभा क्षेत्र के किसानों को नक्सली, आतंकवादी बताते हुए कहा था कि मोदी सरकार ने स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर ही तीन कृषि कानून लाया था, जबकि यह कोरी झूठ बात है, यदि केन्द्र की मोदी सरकार ने स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर एमएसपी तय किया होता और कृषि बिल लाया होता तो किसान आंदोलन का प्रश्न ही नही उठता।

किसान नेता चंदू साहू ने भाजपा व मोदी सरकार कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बीजेपी की कथनी और करनी में फर्क है। भाजपा व्यापारियों व पूंजीपतियों की शुभचिंतक है, इसलिए देश में किसानों का नही पूंजीपतियों के कर्फ़ माफ हुआ है और आज पिछले दस वर्षों से मोदी सरकार उद्योगपतियो के हितों को ही ध्यान में रखकर सरकार चला रहे है, साहू ने कहा कि अब समय आ गया है कि देश के अन्नदाता और जन सामान्य, गांव-गरीब, मजदूर तथा युवा इस विरोधी सरकार एवं सांसद संतोष पांडे को सबक सिखाये।

अनमोल दावा

सच्ची श्रद्धा और परमात्मा के प्रति समर्पण तब ही सफल माना जाता है, जब उसमें कोई शंका न हो।

अमन के रास्ते पर यूक्रेन की सहमति, रूस के साथ संघर्ष विराम पर भारत के सुझाव की सराहना

भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। भारत सदा से शांति का पक्षधर रहा है, इसलिए जैसे ही दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ, उसने इसे रोकने की हर कोशिश की।

यूक्रेन ने रूस के साथ चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के लिए भारत के सुझाए शांति फार्मूले पर भरोसा जताया है। इन दिनों यूक्रेन के विदेशमंत्री भारत की यात्रा पर हैं और उन्होंने भारतीय विदेशमंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग और समग्र संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। रूस-यूक्रेन संघर्ष को दो वर्ष से अधिक समय हो गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर रोक नहीं लग सकी है। किसी न किसी बहाने, कुछ-कुछ अंतराल पर रूस हमले तेज कर देता है। वह दो बार परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की धमकी भी दे चुका है। हालांकि यूक्रेन शुरू से रूस के साथ बातचीत की इच्छा जाहिर करता रहा है, मगर रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की अपनी सदस्यता वापस ले ले, तभी कोई बातचीत हो सकती है। इस मामले में भारत ने भी कई बार दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से प्रत्यक्ष रूप से और फोन पर बातचीत की है। यूक्रेन शुरू से भारत के शांति फार्मूले पर अमल के पक्ष में रहा है, पर रूस अपने रुख में किसी तरह का लचीलापन नहीं दिखाता, इसलिए संघर्ष विराम की कोई सूरत नहीं निकल पाई है।

भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। रूसी राष्ट्रपति ने शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान भी हमारे प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया था कि वे यूक्रेन पर हमले रोकेंगे, मगर वहां से वापस लौट कर उन्होंने हमले और तेज कर दिए थे। रूस अब तक यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। वहां भारी तबाही हुई है। दस लाख से ऊपर लोग निर्वासित हो चुके हैं और करीब इतने ही लोग अपनी ही जमीन पर एक तरह से यातना शिविर में रहने को अभिशप्त हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने भी इस तबाही को रोकने की कोशिश की, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल सकी। दुनिया के तमाम देशों को लगता है कि अगर भारत मध्यस्थता करे, तो इसका हल निकल सकता है। मगर अड़चन रूस की तरफ से आ खड़ी होती है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बातचीत में तो ऐसा जाहिर करते हैं कि वे यूक्रेन पर हमले रोकने को तैयार हैं, मगर व्यवहार में ऐसा कुछ भी करते नजर नहीं आते। दरअसल, यूक्रेन पहले रूस का ही हिस्सा हुआ करता था, पर अलग होकर स्वतंत्र देश बन गया था। अब उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली है। रूस इसी को लेकर नाराज है। उसे लगता है कि इससे यूरोपीय देश बिल्कुल उसकी सीमा पर आ खड़े हुए हैं।रूस ने यूक्रेन को नाटो की सदस्यता लेने से रोका था, पर वह नहीं माना। उसे अपनी सुरक्षा सर्वोपरि नजर आती है। अब रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता छोड़ दे। मगर यूक्रेन इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि अगर यूक्रेन भी अपने फैसले पर अडिग रहेगा और रूस भी अपनी शर्तों पर अड़ा रहेगा, तो शांति का फार्मूला लागू कैसे हो पाएगा। भारत सदा से शांति का पक्षधर रहा है, इसलिए जैसे ही दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ, उसने इसे रोकने की हर कोशिश की। वह दोनों देशों के बीच मध्यस्थता को सदा तत्पर है, मगर शांति के लिए जरूरी है कि दोनों पक्ष अपने रुख में लचीलापन लाएं। यह कैसे संभव होगा, देखने की बात है। फिर भी भारत से ही कोई व्यावहारिक रास्ता निकालने की उम्मीद की जा रही है।

कच्छतीवु द्वीप : पीएम मोदी के निशाने पर क्यों है कांग्रेस

लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु के पास पड़ने वाले कच्छतीवु द्वीप को लेकर राजनीति तेज़ हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारत की एकता को कमज़ोर किया.

उन्होंने एक्स पर लिखा- आंख खोल देने वाली और हैरान करने वाली बात सामने आयी है. नए तथ्य बताते हैं कि कैसे कांग्रेस ने कच्छतीवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया. इससे सभी भारतीयों में गुस्सा है और लोगों के दिमाग में फिर से ये बात साफ़ हो गई है कि वह कांग्रेस पर यकीन नहीं कर सकते. भारत की एकता को कमज़ोर करना, भारत के हितों को नुकसान पहुंचाना कांग्रेस के 75 साल के कामकाज का तरीका रहा है.नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेरठ में हुई चुनावी रैली में कहा कि ये इंडिया गठबंधन के लोग देश की एकता को तोड़ते रहे हैं.उन्होंने कहा- आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा सामने आया है. तमिलनाडु में समुद्री तट से कुछ किलोमीटर दूरी पर तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच में समुद्र में एक टापू है- कच्छतीवु. ये द्वीप सुरक्षा की दृष्टि से काफ़ी महत्वपूर्ण है. ये देश की आज़ादी के समय भारत के साथ था. लेकिन चार-पांच दशक पहले इन लोगों ने कह दिया कि ये द्वीप फालतू है, ज़रूरी ही नहीं है. इस तरह इंडी अलायंस के गठबंधन के लोगों ने मां भारती का एक अंग काट दिया.

ये सबकुछ शुरू हुआ रविवार को टाइम्स ऑफ़ इंडिया की एक रिपोर्ट के साथ. टाइम्स ऑफ इंडिया ने एक आरटीआई के हवाले से रिपोर्ट छापी जिसमें ये दावा किया गया कि 1974 में भारत सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण ये द्वीप श्रीलंका के पास चला गया.

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा- डीएमके और कांग्रेस ने ऐसे बर्ताव किया है कि सबकुछ अब केंद्र सरकार के हाथ में है और उन्होंने कुछ किया ही नहीं. जैसे ये सबकुछ अब हो रहा है और इसका कोई इतिहास नहीं है. इस पर बात इसलिए हो रही है क्योंकि लोगों को जानना चाहिए कि ये विवाद शुरू कैसे हुआ. इस द्वीप को लेकर संसद में कई बार सवाल पूछे गए हैं.

मैंने खुद 21 बार तमिलनाडु सरकार को जवाब दिया है. जून 1974 में विदेश सचिव और तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि के बीच बात हुई. कच्छतीवु पर भारत और श्रीलंका के अपने अपने दावे हैं.

तमिलनाडु कहता है कि ये राजा रामनाथ की रियासत थी. भारत का कहना है कि ऐसा कोई भी दस्तावेज़ नहीं है जिससे ये दावा हो कि कच्छतीवु श्रीलंका का हिस्सा रहा है. 1960 के दौर से ये मुद्दा शुरू हुआ. 1974 में भारत और श्रीलंका के बीच एक समझौता हुआ और मैरीटाइम सीमा दोनों देशों के बीच तय की गई.तमिलनाडु के बीजेपी चीफ के अन्नामलाई, कच्छतीवु द्वीप से जुड़ी जानकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सामने लाए हैं. सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में कहा गया है कि ढुलमुल रवैये के चलते इस द्वीप को लेकर भारत, श्रीलंका के सामने हार गया.

इस ख़बर को टाइम्स ऑफ इंडिया ने रविवार को प्रमुखता से छापा था.अख़बार के मुताबिक़- दस्तावेज़ों से पता चलता है कि भारतीय तट से करीब 20 किलोमीटर दूर 1.9 वर्ग किलोमीटर भूमि पर भारत ने बाद में अपना दावा छोड़ दिया.दशकों तक भारत इस टापू पर अपना दावा करता रहा लेकिन फिर इसे जाने दिया.

श्रीलंका, जो पहले सीलोन कहलाता था. उसने साल 1948 में आज़ादी के ठीक बाद इस द्वीप पर अपना दावा किया था. तब उसने कहा कि भारतीय नौसेना (तब रॉयल इंडियन नेवी) उसकी अनुमति के बिना कच्छतीवु पर अभ्यास नहीं कर सकती है.रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर, 1955 में सीलोन की एयर फोर्स ने इस द्वीप पर अभ्यास किया था.

अखबार कहता है कि 10 मई, 1961 को भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस मुद्दे को अप्रासंगिक कहकर खारिज कर दिया था, नेहरू ने लिखा था कि उन्हें इस द्वीप पर अपना दावा छोड़ने में कोई झिझक नहीं होगी.अखबार के मुताबिक़ पीएम नेहरू ने लिखा कि वे इस छोटे से द्वीप को बिल्कुल भी महत्व नहीं देते और इस पर अपना दावा छोड़ने में भी उन्हें कोई परेशानी नहीं है.उन्होंने तब कहा था कि वे अनिश्चित काल तक इस मुद्दे को लंबित रखने और संसद में दोबारा उठाए जाने के पक्ष में नहीं हैं.अखबार के मुताबिक़- नेहरू की ये बातें उस नोट का हिस्सा हैं, जिसे तत्कालीन राष्ट्रमंडल सचिव वाईडी गुंडेविया ने तैयार किया था, इस नोट को विदेश मंत्रालय ने 1968 में संसद की अनौपचारिक सलाहकार समिति के साथ साझा किया था.अख़बार के मुताबिक़, यह नोट भारत के उस रुख़ को दिखाता है कि वह कच्छतीवु के लिए कितना दृढ़ था. हालांकि औपचारिक रूप से भारत ने इस द्वीप पर साल 1974 में अपना दावा छोड़ दिया था.अख़बार के मुताबिक़ विदेश मंत्रालय का कहना था कि इस सवाल से जुड़े कानूनी पहलू बहुत जटिल हैं और इस पर विचार किया गया है.मंत्रालय का कहना था कि द्वीप की संप्रभुता के दावे को लेकर साफतौर पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है.अखबार के मुताबिक 1960 में तत्कालीन अटॉर्नी जनरल एमसी सीतलवाड़ की राय थी कि कच्छतीवु पर भारत का मज़बूत दावा है.उनका कहना था कि यह मामला मुश्किल है लेकिन सबूतों के मूल्यांकन से ऐसा प्रतीत होता है कि द्वीप की संप्रभुता भारत के साथ है.इसके लिए उन्होंने ज़मींदारी से जुड़े अधिकारों का उदाहरण दिया था. उनका कहना था कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने रामनाथपुरम के राजा को टापू और उसके आसपास मछली पालन और अन्य संसाधनों के लिए ज़मींदारी अधिकार दिए थे.ये अधिकार 1875 से लेकर 1948 तक चलते रहे लेकिन जब ज़मींदारी अधिकार खत्म हुए तो वे मद्रास राज्य में निहित हो गए

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे और पीएम मोदी के आरोपों की टाइमिंग पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि क्या पीएम मोदी ने चीन को क्लीन चिट दे दी है जिसकी वजह से भारत के 20 जवानों ने गलवान में बलिदान दिया.खड़गे ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साल 1974 में एक दोस्ताना समझौते के तहत ये द्वीप दिया गया था ठीक उसी तरह जिस तरह मोदी सरकार ने बांग्लादेश के साथ च्बॉर्डर एनक्लेव को लेकरज् एक समझौता किया.एक्स पर खड़गे ने लिखा- च्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आप अपने कुशासन के 10वें साल में देश की अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर अचानक जाग गए हैं. शायद, चुनाव ही इसका ट्रिगर है. आपकी हताशा स्पष्ट है.ज्

खड़गे ने एक्स पर साल 2015 में पीएम मोदी के बयान का ज़िक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि च्भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा समझौता सिर्फ ज़मीन के रिअलाइनमेंट के बारे में नहीं है, यह दिलों के मिलन के बारे में है.खड़गे ने कहा, च्आपकी सरकार में दोस्ताना भाव में 111 एनक्लेव बांग्लादेश को दे दिए गए और 55 एनक्लेव भारत के पास आए.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम : 107 महर्षि परशुराम और लक्ष्मण जी में उग्र संवाद, सभा भयभीत और स्तब्ध

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

''आपकी वीरता के बारे में अवश्य ज्ञात है भगवन! आपके हाथ में यह तीक्ष्ण धार वाला कुठार देखकर और आपकी भावभंगिमाएं देखते ही मैं समझ गया था कि आप जगत प्रसिद्ध नृपसंहारक महर्षि परशुराम जी हैं।आप ऐसे योद्धा हैं जो शस्त्र और शास्त्र दोनों में निष्णात हैं।आपने अश्वमेध यज्ञ किया और सप्तद्वीपों से युक्त इस पृथ्वी को महर्षि कश्यप को दान में दे दिया। इतना ही नहीं आपने देवराज इंद्र के समक्ष अपने शस्त्र का त्याग कर दिया था और आप महेंद्र गिरि में तपस्या करने चले गए थे।मुझे आपको यहां देख कर सुखद अनुभूति हो रही है। आप स्वयं ऐसे महान योद्धा हैं जो अपनी बाल्यावस्था में ही अभूतपूर्व वीरता का प्रदर्शन कर चुके हैं। ऐसे में आपके द्वारा किसी कम अवस्था वाले योद्धा के वीर होने के विषय में संदेह करना और भी आश्चर्यजनक है। क्या कोई बालक वीर नहीं हो सकता है?'' लक्ष्मण जी ने बड़ी चतुरता से अपने तर्क रखे।

''बालक वीर हो सकता है लेकिन तुम उस श्रेणी के बालक प्रतीत नहीं होते हो। इसके स्थान पर तुम एक उद्दंड, हठी और अमर्यादित व्यवहार करने वाले राजकुमार प्रतीत होते हो। वीरों में सरलता होती है।वीर सत्य भाषण करते हैं।वे तुम्हारी तरह मेरे द्वारा सीधे-सीधे पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने के बदले वक्रोक्ति और लक्षणा का प्रयोग नहीं करते हैं।'' परशुराम जी ने पुनः क्रोध व्यक्त करते हुए कहा।

''यह महाराज जनक की सभा है और मैं तथा मेरे ज्येष्ठ भ्राता राम, अयोध्या से एक अतिथि के रूप में इसमें उपस्थित हैं। ऐसे में मैं राजकीय शिष्टाचार का उल्लंघन नहीं कर सकता हूं, अन्यथा आपके बार-बार कुठार दिखाने के प्रत्युत्तर में मेरे पास भी तीक्ष्ण बाणों वाला धनुष है।'' कहते हुए लक्ष्मण जी भी आवेश में आ गए।

''ओह तो मेरे कुठार से अपने धनुष और बाण की तुलना करने लगे हो क्षत्रिय राजकुमार! ऐसे ही अहंकार और हठ के कारण मैंने 21 बार क्षत्रिय राजाओं को बुरी तरह परास्त किया है। ऐसा लगता है कि अभी भी मेरा संकल्प अधूरा है तथा एक और राजकुमार मेरे कुठार का घात सहने के लिए मेरे सामने प्रस्तुत हो गया है।'' परशुराम जी की क्रोधाग्नि बढ़ने लगी। महाराज जनक, महर्षि विश्वामित्र समेत सारी सभा स्तब्ध है।

परशुराम जी और लक्ष्मण जी दोनों में से कोई भी अपने तूणीर से तर्कों के तीर निकालने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं। प्रजा इस बात से चिंतित हो रही है कि स्वयंवर में असफल राजाओं की उग्र प्रतिक्रिया वाली स्थिति अभी नियंत्रित हुई ही है कि परशुराम जी के रूप में एक और भयंकर स्थिति निर्मित हो गई है। न जाने परशुराम जी के क्रोध का वज्रपात किस सीमा तक होगा?

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -014

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निपटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 013 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

सू- दोकू क्र.014

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.013 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

सामयिक चर्चा

प्यून का कार्यालय

खबर पढ़ कर, चकित होकर,-
बानी बोले-''सुनिए तो गजाधर!
पीएससी प्यून की लिखित परीक्षा में
98% प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले
इमला में फेल।
यह कैसा है, स्कूली शिक्षा का खेल
कि वे 'कार्यालय' शब्द नहीं लिख पाए।''
यह सुनते ही गजाधर मुस्काराए,
बोले-''बानी! इसमें आश्चर्य की क्या बात?
ठीक तो है-
प्यून को कार्यालय लिखकर
क्या करना है?
दरअसल उन्हें तो साहब के घर रहना है।
तो बानी भैया! वो 'घर' लिखना जानते हैं
क्योंकि साहब के घर को ही
अपना ''कार्यालय'' मानते है।''

गिरीश बख्शी



गर्मियों में बनाएं ऑल्टरनेटिव छाछ, अपनी रुटीन का हिस्सा बनाये

अप्रैल की शुरुआत के साथ ही गर्मी का सितम शुरू हो गया है। बढ़ते तापमान ने अभी से लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। ऐसे में इस मौसम खुद को हेल्दी रखने के लिए अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना जरूरी है। गर्मियों अक्सर ठंडक पाने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स पीना पसंद करते हैं, लेकिन यह ड्रिंक्स आपकी सेहत के लिए जहर से कम नहीं हैं। इसकी वजह से आपको कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आप गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक्स की एक बोतल को एक ग्लास छाछ से रिप्लेस कर सकते हैं। यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छी होती है और बिना किसी मिलावट वाली आपको एनर्जी देने वाली ड्रिंक्स है। आइए जानते हैं गर्मियों में छाछ पीने के कुछ हैरान करने वाले फायदों के बारे में-

हाइड्रेट रखे

दही, नमक और पानी से मिलकर तैयार छाछ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स और तरल पदार्थों के स्तर को संतुलित करती है। इस वजह से इसे गर्मी के दिनों में पीने से आपको खुद को हाइड्रेट रखने में मदद मिलती है और जब आप डिहाइड्रेटेड और थके हुए महसूस कर रहे होते हैं, तो एक गिलास छाछ आपको एनर्जी देती है।

शरीर को ठंडा रखे

सोडा युक्त कोल्ड ड्रिंक्स आपको कुछ पल के लिए गर्मी से राहत पहुंचाते हैं, लेकिन पोषक तत्वों से भरपूर छाछ शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाती है। छाछ में मौजूद कूलिंग इफेक्ट शरीर के तापमान को प्रभावी ढंग से कम कर सकते हैं। साथ ही यह मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को हॉट फ्लैशस से निपटने में भी मदद करता है।



कब्ज से राहत दिलाए

अगर आप कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्या से परेशान रहते हैं, तो रोज सुबह खाली पेट छाछ पीने से आपको कब्ज से राहत मिलेगी। यह आपके पेट को बीमारियों से बचाता है और ब्लोटिंग की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है।

गट हेल्थ के लिए गुणकारी

दही में बेहतरीन प्रोबायोटिक गुण होते हैं और चूंकि छाछ एक दही आधारित पेय है, यह पाचन तंत्र में अच्छे बैक्टीरिया के प्रोडक्ट्शन को बढ़ाने में मदद करता है। एक स्वस्थ पाचन तंत्र आपको सेहतमंद बनाने में मदद करता है।

वजन घटाने में मददगार

आमतौर पर वजन कम करने के लिए लोग डेयरी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बचते हैं। हालांकि, यह धारणा गलत है। अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो छाछ को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। छाछ में वसा के बिना दूध में मौजूद सभी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। एक ग्लास छाछ पीने से लंबे समय तक आपका पेट भरा रहता है, जिससे आप ज्यादा खाने के बच रहते हैं।

राशिफल

मेष

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज लोग आपके विचारों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से कोई खुशखबरी मिल सकती है। करियर के मामले में आपके ऊपर अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

वृषभ

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नए कदम उठाएंगे। स्थिति आपके पक्ष में रहेगी। लवमेट के साथ रिश्तों में मिठास आएगी। आपके मन में कुछ बड़े विचार आयेंगे।

मिथुन

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। कोई नई स्टोरी लिखने के लिए मिल सकती है। आपका करियरनए रूप में उभरेगा। आपके साथ सब कुछ ठीक बना रहेगा।

कर्क

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बितायेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं हील स्टेशन पर घूमने की प्लांनिग कर सकते हैं। आज किसी स्थिति को लेकर ज्यादा सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना बेहतर होगा। खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा।

सिंह

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उस काम में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।आज शाम तक घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

कन्या

आज किस्मत आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप तरोताजा महसूस करेंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कहीं से कोई अच्छी खबर मिलेगी।

तुला

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अगर आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, आज उनके लिए रिश्ते आ सकते हैं।

वृश्चिक

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कोशिश पूरी तरह से सफल होगी। आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएंगे। आपका व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा। मन भी मजबूत रहेगा। आपके मन की शंका भी दूर होगी। आपको बहुत हद तक सफलता मिल सकती है।

धनु

आज आपके मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ सकती हैं, जिसमें आप सफल होंगे। आज आपको कुछ अवसरों का फायदा मिलेगा। आसपास के लोगों या साथ काम करने वालों की तारीफ करने से आपको फायदा होगा।

मकर

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। मन में किसी मामले को लेकर थोड़ी बेचैनी हो सकती है। मन भटक सकता है। आपको गलतफहमी हो सकती है।

कुंभ

आज आपका रूझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बना सकते हैं। आज आपको आनंद की प्राप्ति होगी। आज खुद को फीट महसूस करेंगे। दिन खत्म होते-होते आपको कोई शुभ समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नए अवसर प्राप्त होंगे।

मीन

आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढ़ंग से काम करेंगे। आज आपको किसी व्यापारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। अपनी मेहनत से काम निश्चित तौर पर पूरे होंगे। आज बड़ों का पूरा सहयोग मिलेगा।

ट्रेन में शराब की अवैध तस्करी करते पकड़े गए दो आरोपी

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे सुरक्षा बल, डोंगरगढ एवं राजनांदगांव अनुरक्षण दल द्वारा गाड़ी संख्या 15232 बरोनी एक्सप्रेस में 12 आरोपीयों को 95 नग (180 प्रति नग) अंग्रेजी शराब की बोतल तस्करी करते पकड़ा गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, दीप चन्द्र आर्य, महल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में एवं एसबी चाटे, सहायक सुरक्षा आयुक्त (रसुब नामपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष पैकिंग अभियान के तहत ट्रेनों में दबिश दी गई।

दिनांक 31 मार्च की गाड़ी से 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में अनुरक्षण दल रेसुब पोस्ट डोगरगढ़ व राजनांदगांव के द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर बोरतलाय से डोंगरगढ़ के मध्य उक्त गाड़ी के कोच संख्या वी-4 के एसी कोच के अटेन्डर नाम ओम कुमार यादव पिता रामविनय राय उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भीकमयक रामचंद्र वार्ड नं 84 हनुमान मंदिर के पास, पोस्ट नैपुर थाना बळवारा, जिला बेगुसराई बिहार के सामान रखने के गेज (कपाट) को खोलकर देखने पर उसके पास मौजुद बैग जिसमें 50 नग विदेशी शराब (प्रत्येक 180. एम.एल.) की प्लास्टीक की सील चंद बोतल ऑफिस्टर चॉइस प्रत्येक की किमत 125 रु. कुल किमत रु. 6250 पाया गया तथा उक्त गाड़ी में कार्यरत

बिहार राज्य के लिए शराब की तस्करी कर रहे थे आरोपी

पावर कार एसी मैकेनिक नाम मी. अलाक्ददीन पिता मो. जसीम उस 25 वर्ष, निवासी मोहल्ला खाजासराई, वार्ड नं. 48 पोस्ट लहरिया, थाना लहरिया जिला दरभंगा बिहार के पास रखे प्लास्टिक बोरी की गाड़ी में कार्यरत सी एंड डबल्यू एस एस ई बरौनी के उपस्थिति में खोलकर देखने पर उसमें 45 नग विदेशी शराब की 180 एम, एन. की प्लास्टीक की सील बंद बोतल (08पीएम स्पेशल) 180 एम.एल. प्रत्येक की किमत 120 के अंकित है, कुल कीमत 5400 पाया गया। जिन्हें मौके पर गाड़ी में इतनी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब मरिवहन कर ले जाने संबंधित वैद्य अधिकार पत्र की माग करने पर नहीं होना बताएं। उक्त दोनों आरोपीयों को डोंगरगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 02 पर उतारा गया, जिन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डोंगरगढ लाये।

बिहार के लिए शराब की तस्करी कर रहे थे आरोपी

गहनता से पूछताछ करने पर आरोपीयों द्वारा उस अंग्रेजी शराब गोंदिया से खरीदना तथा बिहार ले आकर बेचना स्वीकार किया। दोनों आरोपीयों के कब्जे से कुल 95 नग कुल बाजार मूल्य कीमत 11650 रूपये आकी गई है। जिन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु शासकीय रेलवे पुलिस डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया। रेल्वे पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। उक्त कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक निशा भीडंर के नेतृत्व में गठित टास्क टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार एवं प्र. आरक्षक ए.के. दुबे तथा अनुरक्षण दल में कार्यरत प्र.आरक्षक सुनील कुमार, प्र.आरक्षक एन.के. साहू, आरक्षक सोनु सिंह, आरक्षक एकज गायधानी का कार्य सराहनीय रहा है।

भाजपा शक्तिकेन्द्र बांधाबाजार, जादूटोला की बैठक में शामिल हुवे मधुसूदन यादव

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी के शक्ति केन्द्र बांधाबाजार, जादूटोला का संयुक्त बैठक बांधाबाजार में रखा गया, जिसमे मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व राजनांदगांव लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव रहे।

हर बुथ में 370 प्लस का दिया लक्ष्य

बैठक में दोनों शक्तिकेंद्र के कुल 9 बूथों के अध्यक्ष, सचिव, बीएलए 2, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख सहित समस्त बुथ पदाधिकारीओं को बुथ में 370 प्लस का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में उचित मार्गदर्शन दिया गया, एवं पार्टी संगठन से प्राप्त आगामी कार्यक्रमों को समय पर पूरा करने व लाभार्थियों से सम्पर्क करने की सलाह दी गयी। बैठक में बुथ कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुवे मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री एवं संतोष पांडे को दूसरी बार सांसद बनाने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंगी, महामंत्री देवनारायण कुम्भकार, महामंत्री भारत भूषण राजपूत, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष विमल यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कमल किशोर यादव, संदीप मेश्राम, बाबू दुबे, डोमेन्द्र कोरेटी, वीरेंद्र बासु, संतोष कोडापे, लक्ष्मी सिन्हा, मदन कौशिक, अरुण साहू, किशोर मेश्राम, गौकरन साहू, नेतराम उइके, मनीष सिन्हा सहित बुथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा 9 अप्रैल से पलांदुर में

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पलांदुर में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन दुर्गा मंदिर प्रांगण में दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व सरपंच मानिक वर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा है। देवी भागवत कथा के कथा वाचक पंडित शत्रुघन प्रसाद मिश्रा खमतराई, रायपुर से खेमन्त मिश्रा, पंडित दीपक तिवारी करेंगे। 9 अप्रैल मंगलवार को कलश यात्रा देवी पूजन देवी महात्मय कथा 10 अप्रैल बुधवार मधुकैटभ वध सत्यवती चरित्र 11 अप्रैल गुरुवार ध्रुव संधि कथा प्रहलाद उपाख्यान 12 अप्रैल शुक्रवार महिषासुर वध चण्ड-मुण्ड वध 13 अप्रैल शनिवार राजा हरिश्चंद्र कथा सति चरित्र 14 अप्रैल रविवार प्रियव्रत चरित्र नर्को उपाख्यान 15 अप्रैल सोमवार तुलसी महत्म्य सावित्री चरित्र महादेव पार्वती विवाह 16 अप्रैल मंगलवार रुद्राक्ष धारण चढ़ौत्री शोभायात्रा हवन पूर्णाहुति 17 अप्रैल बुधवार तुलसी वर्षा देवी विसर्जन महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। मानिक वर्मा ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में संगीतमय देवी भागवत कथा में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।

मतगणना तिथि 4 जून को शुष्क दिवस घोषित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के मतगणना तिथि 04 जून 2024 को मतगणना स्थल परीं के समीपवर्ती नगरपालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत में संचालित कंपोजिट मदिरा दुकान सूरजपुर को सम्पूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

ग्रामीणों ने सरपंच पर लगे आरोप को बताया निराधार

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के ग्रामीणों ने सरपंच पर लगे अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर प्रेसवार्ता में विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जितने भी आरोप सरपंच पर लगाए गए हैं वे सभी निराधार है। लोकसभा का चुनाव का बहिष्कार किए जाने की बात को भी गलत बताया है और जो पंचायत के निर्माण कार्यो की जांच चल रही है उस जांच में सही और गलत का फैसला हो जायेगा।

मामला ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी का

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के सरपंच हेमसिंह के खिलाफ उपसरपंच सुंदरी बाई सहित अन्य ग्रामीणों ने पंचायत के निर्माण कार्यों में अनियमितता एवं गड़बड़ी को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए इसकी जांच की मांग की थी । उपसरपंच की शिकायत पर जांच टीम गठित की गई थी। जांच में विलंब होते देख उपसरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रेसवार्ता कर एक सप्ताह के भीतर जांच कार्यवाही नहीं होने पर लोकसभा चुनाव बहिष्कार किए जाने की चेतावनी दी थी। अब इधर सरपंच पक्ष की ओर से भी ग्रामीणों का दूसरा पक्ष जिसमें रोहित राम पडोटी ग्राम पटेल, मोतीराम साहू ग्राम प्रमुख, मालिक राम निर्मलकर, राजेश यादव, नंदकुमार उइके ने प्रेसवार्ता कर कहा कि उपसरपंच एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा जो भी आरोप सरपंच हेमसिंह निर्मलकर पर लगाया गया है वह गलत है। उन्होंने कहा कि पंचायत के प्रस्ताव एवं ग्रामीणों की मांग पर मुक्तिधाम के समीप आवागमन मार्ग पर पुलिया का निर्माण किया गया है, इसके साथ ही 14वें एवं 15वें वित्त की राशि का पंचायत के प्रस्ताव से ही विकास कार्यों में लगाया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किए जाने की बात को भी गलत ठहराते हुए इसे सरपंच के खिलाफ षडयंत्र बताया है और जो जांच कार्यवाही चल रही है उसका वे सम्मान करते हैं। जांच में सच और झूठ का पर्दाफाश हो जायेगा।

किंजल और नेमिता का चयन नवोदय विद्यालय में

डोंगरगांव (दावा)। शास.प्राथ.शाला सांगिनकछार के बच्चे किंजल पिता गोपीराम नेवला, नेमिता पिता नेमचंद्र वर्मा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में हुआ है चयनित होने पर शाला के प्रधान पाठिका साहू मैडम, पटेल सर, जितेन्द्र सिन्हा, पुरषोत्तम यादव, गणेश्वर सिन्हा, सागर वर्मा, लोमस नेवला ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

ब्राह्मण समाज का होली मिलन गैंदाटोला में संपन्न

छुरिया (दावा)। परिक्षेत्रीय ब्राह्मण समाज छुरिया का होली मिलन समारोह कार्यक्रम ग्राम गेंदाटोला में आयोजित हुआ। जिसमें बहुत सारी सामाजिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। आगामी भगवान परसुराम जयंती को सर्वसम्मति से छुरिया ब्लॉक में मनाने का चयन कर भव्य रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी गई है। जिसमें समाज के जिला व प्रदेश पदाधिकारीगण, सदस्यगणों को भी आमंत्रित किया जाना है। जिसे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

इस होली मिलन समारोह में मिथलेश दुबे, डॉ प्रकाश शर्मा, टीकम महाराज, आलोक मिश्रा, शारदा मिश्रा, कामता प्रसाद तिवारी, पप्पू महाराज, उत्तम दुबे, मनीष त्रिपाठी, वीरेंद्र तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा, गिरधारी मिश्रा, सतीश तिवारी, अवधेश दुबे, रामेश्वर तिवारी, दीपक दुबे, अरुण दीवान, उमेश तिवारी, आनंद तिवारी, दिग्विजय मिश्रा, रामेश्वर, धीरेंद्र तिवारी, चुरेंद्र तिवारी सहित सम्मानित सामाजिक पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हुए।

केसीजी पुलिस ने शुरु किया 'समर्थ' अभियान के तहत यातायात के प्रति लोगों को जागरुक

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल (भापुसे.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पाण्डेय एवं अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन मे जिले मे 'समर्थ' अभियान के तहत अंतर्गत लगातार जिले के समस्त थाना व चौकी में सघन वाहन चेकिंग जारी है जिसमें अधिक से अधिक लोगों को समझाइस दिया गया, लोगों को जागरूक करने शराब है खराब इससे आर्थिक, शारीरिक, मानसिक व पारिवारिक क्षति होती है इसी तारतम्य मे जनहानि रोकने नशा से दूर होकर यातायात के नियमों को ध्यान मे रखकर गाड़ी चलाने लोगों को समझाइस दिया गया यातायात से कुल इस माह 429 चालानी कार्यवाही में समन शुल्क 124200 रूपये व धारा 185 के अंतर्गत अनेकों प्रकरण शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश करने पर न्यायालय द्वारा प्रत्येक को 10000-10000 रूपये के भारी भरकम अर्थ दंड से दण्डित किया गया, शहर मे पार्किंग

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर लगा 10-10 हजार अर्थदंड

व्यवस्था को व्यवस्थित करने जल्द ही चौक चौराहों पर सिग्नल लगाया जायेगा जिससे आवागमन सुचारु रूप से संचालित होगा जल्द ही बड़े पैमाने पर व्यापारिक संगठनों से बैठक कर दुकान का समान रोड तक न फैलाने एवं अवैध दुकानों को चिन्हाकित कर बड़े पैमाने पर राजस्व विभाग से सामंजस्य स्थापित कर कठोर कार्यवाही किया जायेगा। जिससे भीड़-भाड़ वाले जगह पर आवागमन व यातायत सुचारु रूप से संचालन किया जा सके। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय त्रिलोक बंसल ने नागरिकों से अपील की है की यातायात नियमों का पालन करें और अपने और अपने परिवार तथा दूसरे को परिवार को भी सुरक्षित रखते हुए इस समर्थ अभियान में अपना सहयोग देवें।

नहीं करने वाले गुड्डन जिओ स्टंट वॉच वाहन चालकों के संबंध में कोई भी शिकायत करने हेतु कंट्रोल रूम के नंबर 9479247401 पर तत्काल सूचना देवे एवं यातायात के नियमों का अधिक से अधिक पालन करें और अपने और अपने परिवार तथा दूसरे को परिवार को भी सुरक्षित रखते हुए इस समर्थ अभियान में अपना सहयोग देवें।

छुरिया मंडल के शक्ति केंद्र बेलरगोदी पठानडोडगी की बैठक संपन्न

छुरिया (दावा)। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत छुरिया मंडल के शक्ति केंद्र बेलरगोदी पठानडोडगी की बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता रविन्द्र वैष्णव जिला भाजपा महामंत्री राजनंदगांव, शक्ति केंद्र प्रभारी आलोक मिश्रा, महेश चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कुमार साय साहू, रेवाराम साहू, ईश्वर साहू, कवलू राम पाल, मद्राजी चंद्रवंशी, रामदास वर्मा, रामगुलाल विश्वकर्मा, राकेश गुप्ता, पंचू चंद्रवंशी, द्रोण साहू सहित बड़ी संख्या में शक्ति केंद्र बूथ स्तर के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। सभी बैठक मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने और अपने अपने मतदान केंद्रों से भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प दिलाया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस ने महामंत्री स्व. मूर्ति को दी श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़ (दावा)। साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस नागपूर मंडल द्वारा 1 अप्रैल को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के महामंत्री स्वर्गीय के.एस. मूर्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मजदूर कांग्रेस मंडल कार्यालय नागपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा पीतांबर लक्ष्मीनारायण जोनल सचिव के प्रमुख उपस्थिति में एवं मंडल समन्वयक इंदल दमाहे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय पदाधिकारी एस.के.एम. पटनायक, राजेश राऊत, पूर्व पदाधिकारी सांई देव, राजाराम कडव, हरिश्चन्द्र धुर्वे, जनरल शाखा सचिव गोपाल मुदलियार, यांत्रिक शाखा सचिव उमेश दुबे, वर्कशॉप शाखा सचिव संजय आतराम, इतवारी शाखा सचिव तुकाराम ठाकरे, तुमसर शाखा सचिव साहुल कुमार, छिंदवाड़ा शाखा सचिव राजकिशोर तिवारी, महिला शाखा सचिव एस. पद्मवती, अध्यक्ष कल्पना चिखले, सुशील सहारे, दुशांत गजभिये, जाकिर भाई गोंदिया, शैलेश मानवटकर, शरद ठाकुर, गिरीधर राव, श्रीनिवास, राजेश कुमार, प्रभाकर जबलपुर, अमित पाटिल, संतोष तिवारी, कुलदीप बोरकर, धनंजय जोशी, विजय बडसे, अक्षय पाल, रमेश राऊत एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा के अंत में जोनल सचिव पीतांबर लक्ष्मीनारायण एवं उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन धारण कर मूर्ति साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मजदूर कांग्रेस संगठनके श्रद्धांजलि सभा में ज़ोनल सचिव पीतांबर लक्ष्मीनारायण ने स्वर्गीय के.एस. मूर्ति जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनका असमय स्वर्गवास होना कर्मचारी संगठन के लिए बहुत बड़ी क्षति होने की बात कही और मूर्ति साहब द्वारा संपूर्ण जीवन कर्मचारियों के कल्याण के लिए समर्पित करने की बात कही। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस हमेशा संगठन उन्हीं की देन होने की बात कही। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस हमेशा उनको याद करता रहेगा।

रेलवे स्टेशन में आग, कैंटीन जलकर राख

रायपुर। रायपुर रेलवे स्टेशन में भयानक आग लग गई। आग प्लेटफार्म नंबर सात में लगी। आग लगने से देवभोग मिल्क पार्लर और उसके पास स्थित एक कैंटीन जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि कैंटीन में फ्रिज और इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ था। आशंका है कि इसमें शॉर्ट सर्किट हुआ। स्पार्क होने से तार में आग लग गई।

नीरज विद्या मंदिर में मना शाला प्रवेशोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने बच्चों का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्हें तिलक भी लगाया गया। साथ ही कई तरह के चॉकलेट्स भी वितरित किए गए।

उल्लेखनीय है कि प्रवेशोत्सव के लिए शाला परिवार ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली थीं। प्रत्येक कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही इन कक्षाओं में अलग-अलग विषयों के चार्ट्स भी लगाए गए हैं। शिक्षण सहायक सामग्रियों की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शिक्षकवृंद द्वारा नियमित प्रार्थनासभा एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक ले गए। संगीत शिक्षक शरद मेश्राम के नेतृत्व में प्रेरक गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि हर अवसर महत्वपूर्ण होता है और इसका अधिक से अधिक लाभ छात्र-छात्राओं को उठाना चाहिए। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि नए संकल्प के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन में जुट जाना चाहिए। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के युवा शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस एकमात्र सीबीएसई स्कूल का अधिकाधिक लाभ अपने बच्चों के लिए उठाएँ। उन्होंने स्कूल के शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षा सत्र 2022-23 की बोर्ड परीक्षा परिणामों को संस्था की उपलब्धि बताया।

संस्था में प्रवेश प्रारंभ है। प्री-प्रायमरी की कक्षाएँ सिटी ब्रांच (बाहुबली हार्डवेयर के बाजू) में और कक्षा पहली से बारहवीं तक का अध्ययन-अध्यापन मोहड़ स्थित बिल्डिंग में होता है। कक्षा ग्यारहवीं में बायोलॉजी, गणित एवं वाणिज्य विषय की सुविधा है। ऑप्शनल सब्जेक्टस में पी.ई, आई.पी. एवं हिन्दी विषय लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं। प्रवेशोत्सव के दौरान शाला प्रबंधन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

हर्ष भैसारे का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल क्षेत्र ग्राम पीटेपानी प्राथमिक शाला के छात्र हर्ष भैसारे का नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए चयन हुआ है। हर्ष भैसारे सीतागोटा समिति प्रबंधक प्रकाश भैसारे के पुत्र हैं। नवोदय विद्यालय में चयन होने का श्रेय हर्ष ने अपने माता-पिता गुरुजनों एवं मार्गदर्शक जितेंद्र चौरे को दिया है। हर्ष की माता मालती भैसारे पिता प्रकाश भैसारे प्रेरणा स्रोत जितेंद्र चौरे शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संजय कतलाम कविता धुर्वे सुश्री रितु ध्रुव संकुल प्राचार्य बेदराम ओटी ने हर्ष को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

रामायण गायन व पूजन अर्चन के साथ धूमधाम से हुई मंदराजी जयंती की शुरुआत

राजनांदगांव (दावा)। नाचा के पितामह दाऊ मंदराजी की कर्मभूमि ग्राम वार्ड नंबर 34 में एक अप्रैल को लोक कलाकारों एवं ग्रामवासियों द्वारा मंदराजी जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन-अर्चन व रामायण गायन के साथ किया गया।

इस अवसर पर चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा, समाजसेवी राकेश इंदुभूषण ठाकुर, लोक कला धर्मी, कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य', लोक गायक- महादेव हिरवानी, चतुर सिंह बजरंग, छन्नू नत्थन साहू, गायक मनहरण साहू, भूषण नेताम, फगवा राम आदि लोक कलाकारों ने दाऊ मंदराजी की आवक्ष प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके साथ ही दुर्ग जिले के की सुप्रसिद्ध मानस मंडली श्री शिवशक्ति मानस परिवार (निकुम) द्वारा रामायण गायन कर दाऊ जी को श्रद्धांजलि दिया गया । इसके पूर्व सुप्रसिद्ध लोक गायक महादेव हिरवानी व आत्माराम कोशा अमात्य द्वारा 'बबा मंदराजी, लोककला नाचा के सियान गा, गाकर मंदराजी दाऊ को कृतज्ञांजलि दी गई। वहीं श्री ठाकुर व डॉ. सिन्हा सहित नगर निगम के पूर्व सभापति श्री वर्मा ने दाऊ मंदराजी के नाचा के प्रति अमिट योगदान व सर्वस्व त्याग को याद करते हुए उन्हें कृतज्ञांजलि दी व उन्हें छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा का पुरोधा पुरुष बताया। इस दौरान नाचा में चलने वाले नचौड़ी गीतों को बड़े शिद्दत से याद किया गया।

दाऊ जी की जयंती मनाने बड़ी संख्या में उमड़े लोक कलाकार

दाऊ मंदराजी धरोहर मंच के दाऊ चतुर सिंह ने बताया कि सुबह 11 बजे से शुरु होकर यह कार्यक्रम कवि सम्मेलन, सहित तीन सत्रों में देर रात तक रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध चिकारा वादक व कवि हेमलाल साहू 'निर्मोही', जयवंत चतुर्वेदी, हाजी करीम बख्श कुरैशी, कवि व मानस कार प्यारेलाल देशमुख, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, गुमान साहू, कवि - ग्वाला प्रसाद 'नटखट' पवन यादव 'पहुना', आनंदराम सार्वा, प्रेम लाल साव प्रकाश बजरंग, प्रकाश निषाद, सहित बड़ी संख्या में लोक कलाकार एवं लोककला अनुरागियों सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान चिकारा वादन कार्यक्रम जारी रहा।

कार्यक्रम का संचालन पवन यादव पहुना वह ग्वाला प्रसाद नटखट द्वारा किया गया। उक्ताशय की जानकारी कवि पवन यादव 'पहुना' द्वारा दी गई।

पहला कॉलम...

रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट

नई दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में भारत का एक्सपोर्ट रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे लेकर जानकारी दी है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार भारत का रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंचा है और 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 21,083 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इसमें 32.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

राजनाथ ने एक और पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने देश के डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट्स को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्राइवेट सेक्टर और डीपीएसयी समेत हमारी डिफेंस इंडस्ट्रीज ने बीते कुछ वर्षों के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए डिफेंस एक्सपोर्ट के क्षेत्र के सभी हिस्सेदारों को शुभकामना दी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार शुरुआत से ही सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर देती आई है।

अदाणी पोर्ट्स ने रिकॉर्ड 420 एमएमटी माल का किया प्रबंधन

अहमदाबाद । अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024 में (अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों सहित) रिकॉर्ड 420 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) माल का प्रबंधन किया। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने मार्च में एक माह में अब तक का सबसे अधिक 38 एमएमटी से अधिक माल हैंडल किया।

एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा, कंपनी को पहले 100 एमएमटी वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल लग गए, जबकि दूसरे और तीसरे 100 एमएमटी थ्रूपुट को क्रमशः पांच और तीन साल में हासिल किया गया। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, भारत के एक-चौथाई से अधिक कार्गो वॉल्यूम को एपीएसईजेड बंदरगाहों के माध्यम से भेजा गया।

करण अदाणी ने कहा, नवीनतम 100 एमएमटी का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। यह परिचालन क्षमता बढ़ाने और उद्योग में शीर्ष बंदरगाह ऑपरेटर के रूप में हमारी स्थिति बनाए रखने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों का प्रमाण है। कंपनी के आठ बंदरगाहों ने दोहरे अंक में वृद्धि की है।

अब से देश में महंगी होंगी 800 से ज्यादा दवाएं

नई दिल्ली । आज 1 अप्रैल है और आज से भारत में 800 से ज्यादा दवाएं महंगी होने जा रही हैं। दरअसल, सरकार ने होलसेल प्राइस इंडेक्स में कई बदलाव किए हैं जिसके तहत कई दवाओं की कीमतें अब बढ़ जाएंगी। इन दवाओं की कीमतों में करीब 12प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके तहक राष्ट्रीय आवश्यक दवा सूची में 0.0055 प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

जानकारी के मुताबिक पेरासिटामोल की कीमतों 130प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, ये एक ऐसी दवा है जो कि बुखार समेत कई बीमारियों में होने वाले इस लक्षण को कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल होती है। इसकी कीमतों में बढ़ोतरी आम आदमी के लिए थोड़ी ज्यादा हो सकती है। पेनकिलर, एंटीबायोटिक और एंटी-इंफेक्शन की दवाएं भी महंगी हो गई हैं। पेनिसिलिन जी 175त्न महंगा हो गया है तो, एज़िथ्रोमाइसिन और कुछ अन्य दवाएं भी महंगी हो गई हैं। इसके अलावा भी इस लिस्ट में कई स्टेरॉयड भी शामिल हैं। इन दवाओं के अलावा एक्सीसिएंट्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। ये 18-262त्न बढ़ी है और इनमें शामिल है ग्लिसरीन और प्रोपलीन ग्लाइकोल, सिरप, सहित सॉल्वैंट्स। ये 263प्रतिशत से 83प्रतिशत महंगे हुए हैं।

बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग का डिमांड नोटिस

नई दिल्ली । बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग की आकलन इकाई से निर्धारण वर्ष 2016-17 से संबंधित 1,127.72 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस मिला है। बैंक को वर्ष 2016-17 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 156 के तहत एक डिमांड नोटिस मिला है, जिसमें कुछ अस्वीकृतियां की गई हैं।

बैंक ऑफ इंडिया ने कहा, बैंक निर्धारित समय-सीमा के भीतर उक्त आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त (अपील), नेशनल फेसलेस अपील सेंटर (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है।

जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा राजस्थान, रियान पराग ने हासिल की ऑरेंज कैप

मुंबई। आईपीएल के 14वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज कर अपनी जीत की लहर को बरकरार रखा और अंक तालिका में छह अंकों के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई अब तक इस टूर्नामेंट में पहली जीत नहीं हासिल कर पाई है और 10वें पायदान पर है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए। इसके जवाब में संजू सैमसन की टीम ने 15.3 ओवर में चार विकेट खोकर 127 रन बनाए और मैच जीत लिया।

फिर नहीं चला यशस्वी का बल्ला

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका 10 रन के स्कोर पर लगा। क्वेन मफाका ने यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की आखिरी गेंद पर आउट किया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए संजू सैमसन ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी निभाई, जिसे आकाश मधवाल ने पांचवें ओवर में तोड़ा। उन्होंने राजस्थान के कप्तान को 42 रन के स्कोर पर आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना सके। इसके बाद आकाश ने जोस बटलर को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश ने अपने दूसरे ओवर में शिकार बनाया। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रविचंद्रन अश्विन आए जिन्होंने चौथे विकेट के लिए रियान पराग के साथ 40 रन की साझेदारी निभाई, लेकिन आकाश ने उन्हें भी नहीं बख्शा और पवेलियन भेज दिया। अश्विन ने एक चौके की मदद से 16 रन बनाए।

रियान पराग ने हासिल की ऑरेंज कैप

इसके बाद रियान पराग और शुभम दुबे ने टीम को 16वें ओवर में जीत दिलाई। दोनों के बीच 39 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। पराग इस टूर्नामेंट में दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 39 गेंदों में 54 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और तीन छक्के निकले। इस शानदार पारी के साथ रियान ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली के शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दोनों ने इस टूर्नामेंट में 181 रन बना लिए हैं। शुभम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने तीन विकेट हासिल किए जबकि क्वेन मफाका को एक विकेट मिला।

रोहित-नमन गोल्डन डक पर शिकार हुए

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए और मुंबई को 126 रन का मामूली लक्ष्य थमाया। इस मैच में मुंबई के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम को पहले ही ओवर में रोहित शर्मा और नमन धीर के रूप में दो झटके लगे।

ट्रेंट बोल्ट ने अपनी घातक गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए लगातार दो गेंदों पर दो विकेट चटकाए। पारी के तीसरे ओवर में भी बाएं हाथ के गेंदबाज ने डेवॉल्ड ब्रेविस के रूप में तीसरी सफलता हासिल की। तीनों बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हुए। टीम को चौथा झटका ईशान किशन के रूप में 20 रन के स्कोर पर लगा। उन्हें नांद्रे बर्गर ने चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर सैमसन के हाथों कैच आउट कराया।

इस मैच में राजस्थान के गेंदबाजों ने मुंबई के बल्लेबाजों पर कहर बरपाया। पांचवें विकेट के लिए तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या के बीच 56 रन की साझेदारी हुई जिसे चहल ने 76 रन के स्कोर पर तोड़ दिया। राजस्थान के खिलाफ कप्तान 21 गेंदों में 34 रन बना सके। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके निकले। इसके बाद सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पीयूष चावला सिर्फ तीन रन बना सके। उन्हें आवेश खान ने आउट किया। इस मुकाबले में मुंबई की रीढ़ बनकर खड़े तिलक वर्मा भी आउट हो गए। उन्हें युजवेंद्र चहल ने अपना शिकार बनाया। युवा बल्लेबाज 29 गेंदों में 32 रन बनाकर लौटे। इस मैच में गेराॅल्ड कोएत्जी ने चार और टिम डेविड ने 17 रन बनाए। वहीं, बुमराह आठ रन और आकाश मधवाल चार रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के खिलाफ राजस्थान के गेंदबाजों ने कातिलाना गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को तीन-तीन विकेट मिले। वहीं, नांद्रे बर्गर को दो विकेट मिले जबकि आवेश खान ने एक सफलता हासिल की।

इंडियन ऑयल पैनासोनिक के साथ मिलकर देश में ही बनायेगी सिलिंड्रिकल लिथियम-आयन सेल

नई दिल्ली । सार्वजनिक तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और जापान के पैनासोनिक समूह की पैनासोनिक एनर्जी कंपनी मिलकर देश में ही दुपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए सिलिंड्रिकल लिथियम-आयन सेल और ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनायेगी। दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इंडियन ऑयल ने रविवार को बताया कि वह पैनासोनिक एनर्जी के साथ मिलकर देश में स्वच्छ ऊर्जा की तरफ यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए बैटरी प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन कर रही है, जिसका उद्देश्य इस वर्ष की गर्मियों तक अपने सहयोग के विवरण को अंतिम रूप देना है।

कंपनियां भारत की आत्मनिर्भरता में सुधार और वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए स्थानीय विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में निवेश करने की योजना बना रही हैं। इंडियन ऑयल ने एक बयान में कहा कि इससे देश के भीतर कच्चे माल की सोर्सिंग की मांग पैदा होगी, घरेलू मूल्यवर्धन बढ़ेगा और अत्यधिक कुशल सेल प्रौद्योगिकी के मामले में देश के बैटरी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य पैनासोनिक एनर्जी के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से सीओ2 उत्सर्जन को कम करने जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना है।

जैनिक सिनर ने जीता मियामी ओपन खिताब

फ्लोरिडा। मियामी ओपन 2021 और 2023 में उपविजेता रहे जैनिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में पुरुष एकल फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 6-1 से हराकर मियामी ओपन 2024 खिताब अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन और रॉटरडैम के बाद इस साल वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी के लिए यह तीसरा खिताब है। इस सीजन में उनका स्कोर 22-1 है और मियामी ओपन जीतने वाले पहले इटालियन हैं।

इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो जल्द रैंकिंग में देश का पायदान ऊपर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे।

जैनिक सिनर ने कहा, यह मेरे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन था। खासतौर पर सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। रैंकिंग में नंबर 2 पर पहुंचना मेरे लिए अद्भुत अहसास है। खेल एक अलग चीज है और जीवन उससे बहुत अलग है। मैं यहां पहुंच कर खुश हूं और हर पल का आनंद ले रहा हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सेट में, पांचवें और नौवें गेम में दो ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 42 मिनट में सेट समाप्त किया।

दूसरे सेट में, सिनर को चौथे और छठे गेम में भी दो ब्रेक मिले और स्कोर को 5-1 तक ले गए। इसके बाद उन्होंने 1 घंटे और 13 मिनट में जीत हासिल की।उन्होंने फर्स्ट सर्व प्वाइंट के 88 प्रतिशत अंक (24 में से 21) जीते।

जहां तक सीज़न के शेष भाग की बात है, सिनर को अभी भी लगता है कि बहुत कुछ सुधार किया जाना बाकी है।

इजराइली सेना ने गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटाया

नई दिल्ली। इजराइल और हमास के बीच जंग जारी है। इस बीच इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया है। सैनिकों के हटने के बाद पीछे तबाही के निशान नजर आ रहे हैं। फलस्तीनी में रहने वाले नागरिकों ने इस बारे में जानकारी दी है। इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले।

इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया है। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए।

इजराइली सेना हटाए जाने के बाद इलाके में लौटे मोहम्मद महदी ने घटनास्थल के दृश्य को ''पूरी तबाही'' बताया। उन्होंने कहा कि कई इमारतें जला दी गईं। उन्होंने इलाके में छह शवों की गिनती की। इनमें से दो शव अस्पताल परिसर में पड़े थे। एक अन्य निवासी याहिया अबू औफ ने कहा कि अस्पताल में मरीज, चिकित्साकर्मी के साथ-साथ विस्थापित लोग भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को नजदीकी अहली हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के बुलडोजर ने अस्पताल परिसर के भीतर एक अस्थायी कब्रिस्तान को ढहा दिया है।

इस बीच यहां ये भी बता दें कि, इजराइल और हमास के बीच जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपने ही देश में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। नेतन्याहू के खिलाफ लोगों में गुस्सा भी देखने को मिल रहा है। हमास के खिलाफ बीते साल अक्टूबर में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़े सरकार विरोधी प्रदर्शन के तहत रविवार को हजारों इजराइली यरूशलम में संसद भवन के बाहर जमा हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से गाजा में हमास की तरफ से बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को छुड़ाने के लिए समझौते पर पहुंचने और निर्धारित समय से पहले चुनाव कराने का अनुरोध किया। (एपी)

बीसीसीआई ने आईपीएल के सभी फ्रेंचाइजियों की बैठक बुलाई

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का काफी रोमांचक दौर जारी है। हर एक मैच के बाद प्वाइंट्स टेबल रोमांचक होते जा रहा है। लेकिन इन सभी के बीच बीसीसीआई ने बड़ा ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई ने आईपीएल के बीच एक जरूरी बैठक बुलाई है। यह बैठक 16 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में होगी। इस दिन गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद के ही नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में रोमांचक मुकाबला होने वाला है। इस बीच बीसीसीआई की आईपीएल फ्रेंचाइजियों के साथ बैठक भी होगी।

पंत-गिल को हुआ लाखों का नुकसान

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमल गिल को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। इन दोनों ही कप्तानों पर एक-एक बार स्लो ओवर रेट के चलते 12-12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। ये आईपीएल में पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी कई कप्तानों को इस जुर्माने का सामना करना पड़ा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्लो ओवर रेट का नियम क्या है और ये गलती बार-बार किए जाने पर कप्तान को कितना भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है?

स्लो ओवर रेट का नियम समय पर क्रिकेट मैच पूरा करवाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस नियम के तहत गेंदबाजों करने वाली टीम को 90 मिनट में 20 ओवर खत्म करने होते हैं। इन 90 मिनट में स्ट्रेटिजिक टाइम आउट और डीआरएस लेने का समय शामिल नहीं होता है। स्ट्रेटिजिक टाइम आउट और डीआरएस लिए जाने पर ओवर रेट मीटर उसी वक्त रोक दिया जाता है। लेकिन 90 मिनट में 20 ओवर पूरे नहीं होते हैं तो कप्तान के खिलाफ एक्शन लिया जाता है। वहीं, इस नियम के तहत बाकी खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगाया जा सकता है।

अगर टीम नियमित समय के अंदर 20 ओवर पूरे नहीं कर पाती है तो वह बचे हुए ओवरों में टीम को 4 की जगह 5 फील्डर 30 गज के सर्कल के अंदर रखने पड़े थे।

प्रथम पेज का शेष

राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर फोकस करें...

और ई-फिलिंग सामने आई. इसमें चुनौती ये है कि बिना इंटरनेट और टेक्नोलॉजी की समझ के बिना कैसे काम करेंगे. प्रॉपर ट्रेनिंग जरूरी है. सीजेआई ने ये भी कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 94 और एस-185 के मुताबिक, कोर्ट्स को डिजिटल सबूत मंगाने के लिए समन देने का अधिकार है.

छापेमारी और पर्सनल डिवाइस की अवांछित जब्ती के उदाहरण जांच संबंधी अनिवार्यताओं और गोपनीयता अधिकारों को संतुलित करने की जरूरत बताते हैं. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ प्रोग्राम में विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रेसिडेंट पुलिस मेडल्स (पीपीएम) और मेरिटोरियस सर्विस के सीबीआई अफसरों को पुलिस मेडल भी दिए.

लाखों सुझावों का डेटाबेस तैयार...

लगभग पौने चार लाख सुझाव उसके माध्यम से मिले हैं। उसका डेटाबेस तैयार किया गया। इसके अलावा नमो एप पर भी एक लाख 70 हजार के आसपास सुझाव आए हैं। गोयल ने कहा कि जो यह दर्शाता है कि जनता के मन में कितना उत्साह है और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राष्ट्र को विकसित बनाने के संकल्प में सहभागी बनना चाहते हैं। लोगों में विश्वास है कि मोदी हैं तो मुमकिन हैं।

संकल्पपत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा- गोयल ने बताया कि इन सभी सुझावों का डेटाबेस बनाते हुए सार्थक चर्चा हुई है। समाज के सभी वर्गों का विचार करते हुए, देशहित व जनहित को प्राथमिकता पर रखते हुए सुझावों की छंटनी की गई है। अब सुझावों पर कुछ अध्ययन कर अगली बैठक में फिर से चर्चा में लाया जाएगा। सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर उन्हें शामिल करते हुए कुछ ही दिनों में संकल्पपत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बीजेपी को लगा बड़ा झटका...

2023 में ज्वाइन की थी सपा- लक्ष्मण तिवारी साल 2023 में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने 2023 का विधानसभा चुनाव सिरमौर विधानसभा सीट से लड़ा था। इसके पहले लक्ष्मण तिवारी भारतीय जनशक्ति पार्टी,बीजेपी,सपा में रह चुके हैं। कांग्रेस उनकी चौथी पार्टी है।

दिल्ली शराब नीति घोटाला...

उनका तर्क है कि जांच एजेंसी ने उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 2 अप्रैल तक जवाब मांगा था। सुनवाई 3 अप्रैल को फिर शुरू होगी।

प्रदेश में हनीट्रैप गैंग सक्रिय...

लगातार पतासाजी की जा रही है। अभी तक की जांच विवेचना कार्यवाही में आरोपियों द्वारा 2 पीड़ितों से भयादोहन कर लगभग 25 लाख रुपए की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। ऐसे प्रकरणों में अन्य पीड़ित,

जिनको डराकर धमकाकर पैसा वसूली की गई है। वह भी थाना सिटी कोतवाली आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

आरबीआई के 90 साल पूरे...

उन्हें मैं बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। आज आप जो नीतियां बनाएंगे, जो काम करेंगे उनसे आरबीआई के अगले दशक की दिशा तय होगी। ये दशक इस संस्थान को उसके शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला दशक है और ये दशक विकसित भारत की संकल्प यात्रा के लिए भी उतना ही अहम है।

44 की उम्र में रोहन बोपन्ना ने फिर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, एड्डेन संग मियामी ओपन जीत रचा इतिहास

मियामी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन डबल्स खिताब जीता, जो इस साल उनकी दूसरी बड़ी जीत है। इस जोड़ी ने इवान डोडिग और ऑस्टिन क्राजिसेक को डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चले एक रोमांचक मैच में हराया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद, बोपन्ना और एब्डेन ने शानदार वापसी करते हुए टाई-ब्रेकर में जीत हासिल की। बोपन्ना और एब्डेन ने 6-7 (3), 6-3, 10-6 से इवान और ऑस्टिन को फाइनल हराया।

बोपन्ना और एब्डेन, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने के बाद हाई प्रेशर वाले मैचों को समाप्त करने का आत्मविश्वास हासिल किया है, वह पहले सेट टाई-ब्रेकर में हार गए। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक मजबूत वापसी की और निर्णायक 10-अंक टाई-ब्रेकर के लिए मजबूर किया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने 6-7 (3), 6-3,10-6 से मियामी खिताब अपने नाम किया। बोपन्ना और एब्डेन ने अच्छी सर्विस की और पहली सर्विस पर 78 प्रतिशत अंक हासिल किए।

रोहन बोपन्ना ने रविवार को मास्टर्स 1000 टाइटल जीतने का सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ डाला। उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स मास्टर्स का खिताब केलिफोर्निया में एब्डेन के साथ जीता था। उस समय वह 43 साल के थे। लेकिन अब 44 की उम्र में रोहन बोपन्ना ने मियामी ओपन अपने नाम कर लिया।

मीराबाई चानू का ओलंपिक टिकट पक्का, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विश्व कप में खेलीं

थाईलैंड। हांगझोऊ एशियाई खेलों में बुरी तरह चोटिल होने के बाद पुनर्वास के दौर से गुजरीं मीराबाई चानू ने सोमवार को विश्वकप में वापसी कर पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर लिया। मीरा ने बीते वर्ष अक्तूबर में हुए एशियाई खेलों के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में वजन उठाया। मीरा ने रणनीति के मुताबिक काफी कम वजन से शुरुआत करते हुए कुल 184 किलो वजन उठाया और पांच लिफ्ट पास कीं। हालांकि वह ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहीं। पेरिस के टिकट के लिए मीरा का इस टूर्नामेंट में भाग लेना अनिवार्य था।

रणनीति के मुताबिक कम वजन उठाया

यहां खेलना अनिवार्य नहीं होता तो मीरा विश्वकप में नहीं खेलतीं। उन्होंने अमेरिका से अपनी चोट का इलाज कराने के बाद कुछ सप्ताह पूर्व वजन उठाना शुरू किया है। कोच विजय शर्मा की रणनीति के मुताबिक उन्हें एकदम से ज्यादा वजन उठाने के लिए नहीं दिया जा सकता।

विजय ने बताया सब कुछ रणनीति के मुताबिक हुआ और वह मीरा के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। मीरा का सर्वश्रेष्ठ 205 किलो है, लेकिन उन्हें स्नैच में 75, 79, 81 किलो और क्लीन एंड जर्क में 98, 103, 106 वजन दिया गया। उन्होंने 106 वजन भी उठाया, लेकिन इसे अयोग्य करार दिया गया।

इस माह होगी ओलंपिक टिकट की घोषणा

मीरा का कहना है कि वापसी के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उनका लक्ष्य पेरिस ओलंपिक के लिए स्थान सुरक्षित करना था, जो उन्होंने कर लिया है। अब उनका सारा ध्यान ओलंपिक की तैयारियों पर है। अंतरराष्ट्रीय संघ की पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग में मीरा इस वक्त दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष 10 को पेरिस का टिकट मिलेगा। अप्रैल माह में दोबारा रैंकिंग जारी होने पर मीरा के ओलंपिक क्वालिफिकेशन की आधिकारिक घोषणा होगी।

हार्दिक-टेटे ने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड जीता

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान और मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने हॉकी इंडिया अवॉर्ड्स में पुरस्कारों की झड़ी लगा दी। इस कड़ी में उन्होंने पीआर श्रीजेश, हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह जैसे कई खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। हार्दिक ने साल 2023 के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। महिलाओं की श्रेणी में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड सलीमा टेटे ने जीता। हार्दिक और सलीम को बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। साथ ही 25-25 लाख रुपये भी दिए गए। इतना ही नहीं, हार्दिक ने साल (2023) के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर होने के लिए अजीत पाल सिंह अवॉर्ड भी जीता। उन्हें इनाम के तौर पर पांच लाख रुपये भी मिले।

कितना है हमारी पृथ्वी का वजन... वैज्ञानिकों के बीच है विवाद

सैकड़ों सालों से धरती का वजन पता किया जा रहा है. आज भी वैज्ञानिकों ने सटीक आंकड़ा नहीं निकाला.लेकिन हमारे खूबसूरत नीले ग्रह का वजन कितना है. क्योंकि इस पर बहुत सारी प्राकृतिक वस्तुएं हैं. सबका अपना वजन है. ऐसे में धरती का कुल वजन कितना होता है.

पृथ्वी के वजन को लेकर वैज्ञानिकों के बीच असहमति है. क्योंकि कोई भी फॉर्मूला इसका सटीक वजन पता नहीं कर पा रहा है. (सभी फोटो: गेटी)

पृथ्वी के वजन को लेकर वैज्ञानिकों के बीच असहमति है. क्योंकि कोई भी फॉर्मूला इसका सटीक वजन पता नहीं कर पा रहा है. हमारी धरती पर पत्थर हैं. धातु है. लाखों प्रजातियों के जीव-जंतु हैं. इसके अलावा अनगिनत प्राकृतिक और इंसानों द्वारा निर्मित ढांचे हैं. इमारते हैं. ब्रिज है. सड़के हैं. हर साल इनकी संख्या बढ़ रही है. ऐसे में हमारी धरती का कुल वजन कितना होता है. इसका कोई एक जवाब नहीं है.

असल में धरती का वजन उसकी गुरुत्वाकर्षण शक्ति की ताकत पर निर्भर करता है. यानी इसका वजन लाखों करोड़ किलोग्राम होगा. अगर नासा की माने तो धरती का वजन 5.972231024 किलोग्राम है. इसे 13.1 सेप्टिलियन पाउंड में भी नापते हैं. धरती का वजन थोड़ा कम-ज्यादा होता रहता है.

धरती के वजन में अंतर आने की वजह अंतरिक्ष से आने वाली धूल और वायुमंडल से बाहर निकलने वाली कई प्रकार की गैस है. लेकिन इनसे हमारे ग्रह के वजन पर अरबों सालों तक बहुत अंतर नहीं आएगा. दुनियाभर के भूवैज्ञानिक आज भी धरती के वजन को लेकर एकमत नहीं है. क्योंकि कोई भी कुल वजन का सटीक आंकड़ा नहीं दे पाया.

वैज्ञानिकों के बीच वजन को लेकर विवाद

वैज्ञानिकों के बीच वजन को लेकर दशमलव के अंक तक बहस छिड़ी रहती है. सटीक वजन निकाल ही नहीं सकते. अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स एंड टेक्नोलॉजी के मेट्रोलॉजिस्ट स्टीफन श्लैमिंगर कहते हैं कि इसमें आइजैक न्यूटन का लॉ ऑफ यूनिवर्सल ग्रैविटेशन लगता है.

यानी यहां मौजूद जिस भी चीज का वजन है, उसकी अपनी गुरुत्वाकर्षण शक्ति है. इसके अलावा दो अलग-अलग वस्तुओं के बीच भी यह ताकत मौजूद होती है. इसी फॉर्मूले से दो वस्तुओं के बीच गुरुत्वाकर्षण शक्ति निकाली जाती है. उनका वजन निकाला जाता है. यह निकालने के लिए दोनों वस्तुओं की दूरी और ग्रैविटी की गणना की जाती है.

कैवेंडिश फॉर्मूला से निकाला जाता है वजन

इस फॉर्मूले के मुताबिक ही वैज्ञानिकों ने धरती के वजन की गणना की. लेकिन समस्या ये है कि ये वजन धरती की सतह से लिया गया है. लेकिन किसी ने भी त्र ह्ढ्ढद्दद्गह्म् की सही वैल्यू पता नहीं की. 1797 में फिजिसिस्ट हेनरी कैवेंडिश इस काम में बड़ी उपलब्धि हासिल की. इसके अनुसार ही धरती का वजन 13.1 सेप्टिलियन पाउंड्स हैं.

आज भी कैवेंडिश फॉर्मूला पर ही धरती का वजन नापा जाता है. इसके बावजूद वैज्ञानिकों के बीच धरती के सही वजन को लेकर विवाद है. असहमति है. फिर भी जब तक सही वजन नहीं पता चलता, तब तक 5.972231024 किलोग्राम को ही धरती का असली वजन मानते हैं

70 साल बाद धरती की तरफ आ रहा है 'हरा शैतान', कब पहुंचेगा पृथ्वी के नजदीक?

एक धूमकेतु है, जिसका नाम है Green Devil Comet यह हरे रंग का शैतान धूमकेतु है. फिलहाल तो यह सूरज की तरफ जा रहा है लेकिन जल्द ही धरती की तरफ आएगा. हैरानी की बात ये है कि इसके बर्फीले दिल के चारों तरफ रोशनी का घुमावदार घेरा है. जिसे फोटो ट्रिक से देखा गया

इस हरे शैतानी धूमकेतु का आकार एक शहर के बराबर है. यह इस साल धरती के नजदीक से गुजरेगा. इसे हरा शैतान इसलिए कहा जा रहा क्योंकि इसके चारों तरफ हरे रंग की रोशनी निकल रही है. इसकी चौड़ाई करीब 17 किलोमीटर है. इसके अंदर बर्फ और पत्थर हैं. यह सूरज के चारों तरफ 71 साल में एक चक्कर लगाता है.

इसके केंद्र के चारों तरफ बर्फ, गैस और धूल है. जिसे कोमा कहते हैं. यहां से धूमकेतु के केंद्र में मौजूद पदार्थ धीरे-धीरे बाहर निकलता रहता है. यह धूमकेतु क्रायोवॉल्कैनिक है. यानी जैसे ही सूरज की रोशनी इससे टकराती है, यह बर्फ के फव्वारे उगलता है. जिसे क्रायोमैग्मा कहते हैं. ये फव्वारा ही इसकी लंबी पूंछ बन जाता है.

इस समय यह हरा शैतान धूमकेतु सूरज की रोशनी में कुछ ज्यादा ही चमक रहा है. इसके बारे में पिछले साल चर्चा शुरू हुई, जब जुलाई महीने में यह 69 साल बाद अंतरिक्ष में दिखाई पड़ा. यह हमारे सूरज की तरफ आ रहा है. लगातार विस्फोट कर रहा है. इसमें से बर्फ के ज्वालामुखी फूट रहे हैं. इसे शैतान इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि इसका कोमा लगातार अपना आकार बदल रहा है. इससे पहले इसके सिर पर सींग निकली हुई थी. इसलिए इसे हरा शैतान धूमकेतु बुलाया जा रहा था. लेकिन अब सींग गायब हो चुकी है. कोमा का आकार फिर से बदल चुका है. लेकिन विस्फोट लगातार हो रहा है.

जैसे-जैसे 12पी धूमकेतु सूरज के नजदीक जा रहा है. उसका हरा रंग ज्यादा चमकदार होता जा रहा है. क्योंकि इसके अंदर डाईकार्बन है. यानी दो कार्बन एटम एकदूसरे से चिपके हुए हैं. यह धूमकेतु लगातार अपना आकार बढ़ाता जा रहा है. यानी इसकी पूंछ लंबी होती जा रही है.

9 मार्च 2024 को एस्ट्रोफोटोग्राफर जान एरिक वालेस्टड ने इसकी नई तस्वीरें लीं. जो आप यहां पर देख रहे हैं. तस्वीरें यूरोप के उत्तरी देश नॉर्वे से ली गई थीं. इसके लिए उन्होंने खास तरह के कैमरे और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया. ताकि वो कोमा की स्टडी कर सकें. तभी उन्हें घुमावदार यानी स्पाइरल कोमा दिखाई दिया. फिलहाल यह धूमकेतु हमारे सौर मंडल के अंदरूनी हिस्से में 64,500 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से सूरज की ओर जा रहा है. 24 अप्रैल 2024 को यह सूरज के सबसे नजदीक रहेगा. यह हरा शैतान धूमकेतु धरती के सबसे नजदीक 2 जून 2024 को आएगा. तब यह नंगी आंखों से खुले आसमान में देखा जा सकेगा.

30 वर्षों बाद बन रहा है 3 शुभ योग, इन राशियों की चमकेगी किस्मत!

हिंदू पंचांग के मुताबिक नव वर्ष की शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। हालांकि, अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक 1 जनवरी से नए साल की शुरूआत होती है। ज्योतिष के अनुसार नया हिंदू वर्ष चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि से शुरू होगा, जो इस बार 9 अप्रैल 2024 को है। इस बार नव वर्ष यानी विक्रम संवत 2081 की शुरूआत बेहद खास मानी जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि 30 वर्षों बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दौरान 1 या 2 नहीं बल्कि एक साथ 3 शुभ योग बन रहे हैं।

ज्योतिष के मुताबिक कई सालों बाद विक्रम संवत 2081की शुरूआत पर 3 शुभ योग बन रहे हैं। साथ ही साल का पहला रेवती और अश्विनी नक्षत्र भी संयोग का बन रहा है। इस दिन अमृत सिद्धि योग, सिद्धि योग और शश राजयोग का निर्माण हो रहा है। 9 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 32 मिनट से अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग की शुरूआत होगी। इस बार राजा मंगल और मंत्री शनि देव रहेंगे। 3 खास योग के बनने से कुछ राशि के लोगों की किस्मत चमकने वाली है, आइए उन 3 राशियों के बारे में जानते हैं जिनका भाग्य चमकने वाला है?

1. मेष राशि

मेष राशि के लोगों को नव वर्ष पर दुर्लभ संयोग बनने से धन प्राप्ति के नए अवसर मिलेंगे। आपके जीवन में कई खुशियों का आगमन होने वाला है। रुके काम पूरे होने के साथ आपके लिए नए अवसर लेकर आने वाले हैं। व्यापारियों को व्यापार में और नौकरीपेशा लोगों को नौकरी में सफलता के नए अवसर मिलेंगे। 3 राजयोग बनने से जीवन में आ रहीं बाधाएं दूर हो जाएंगी।

2. वृषभ राशि

वृषभ राशि के लोगों के लिए आने वाला दिन नए सौगात के साथ रहेगा। करियर में तरक्की के लिए नए अवसर मिलेंगे। कामकाज में आपको धन की प्राप्ति हो सकेगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप तनाव से मुक्ति पा सकेंगे और कार्यों में आपको तरक्की मिलेगी।

3. मकर राशि

मकर राशि के लोगों के लिए हिंदू नववर्ष बहुत शुभ रहेगा। परिवार के सदस्यों के बीच खुशी का माहौल रहेगा। आपके घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। बच्चों के साथ आपका अच्छा समय बितेगा। धन की प्राप्ति होगी और व्यापार में आपको तरक्की मिलेगी।

ध्रुवों पर पिघल रही बर्फ बढ़ा रही है हमारे दिन का समय...

पिघलती बर्फ से सिर्फ समंदर में पानी नहीं बढ़ता, बल्कि पूरे दिन का समय बदल जाता है. इससे पूरे साल का समय भी प्रभावित होता है. एक हैरान करने वाली साइंटिफिक स्टडी में इस बात का खुलासा किया गया है. आइए जानते हैं कि कैसे ध्रुवों पर पिघलती बर्फ हमारे दिन के समय को बदल रही है?

ये है आर्कटिक महासागर जिसमें पिघले हुए बर्फ के बड़े टुकड़े, ये हमारे दिन के समय में बदलाव ला रहे हैं. ये है आर्कटिक महासागर जिसमें पिघले हुए बर्फ के बड़े टुकड़े, ये हमारे दिन के समय में बदलाव ला रहे हैं. दुनिया लगातार गर्म हो रही है. ध्रुवों पर जमा बर्फ तेजी से पिघल रही है. इससे सिर्फ समंदर का जलस्तर नहीं बढ़ रहा. बल्कि हमारे दिनभर का समय भी बदल रहा है. इससे पूरे साल का समय बदल रहा है. इन सबके पीछे वजह है पेट्रोल, डीजल, कोयले और अन्य जीवाश्म ईंधन का भरपूर इस्तेमाल.

दिन भर का समय कुछ सेकेंड्स में बदले तो इंसानों को पता नहीं चलता. लेकिन इनकी गणना करने वाली दुनिया भर की बेहद सटीक 450 एटॉमिक घड़ियों को पड़ता है. ये घड़ियां पूरी दुनिया में समय को संतुलित करने के लिए बनाई गई हैं. जिसे कॉर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम (ञ्जष्ट) कहा गया है. जिसे पहली बार 1969 में परिभाषित किया गया था. धरती पर समय की गणना का पारंपरिक तरीका है पृथ्वी के रोटेशन यानी घुमाव पर नजर रखना. लेकिन धरती के घुमाव में भी अंतर आता है. इसलिए 1972 से सही समय जानने के लिए आधिकारिक टाइम स्टैंडर्ड में 27 लीप सेकेंड्स जोड़ने का प्रबंध किया गया.

लेकिन पिघलते बर्फ से दिन का समय बढ़ रहा है. ये हैरान करने वाला है. यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के जियोलॉजिस्ट डंकन एगन्यू ने कहा कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में लगातार बर्फ पिघल रही है. इसकी वजह है ग्लोबल वॉर्मिंग यानी बढ़ता हुआ तापमान. इससे धरती की गति पर असर पड़ रहा है. जिससे दिन का समय बढ़ रहा है. यह मात्रा बेहद छोटी है लेकिन एटॉमिक क्लॉक इसे पकड़ लेता है.

एगन्यू ने अपनी यह रिपोर्ट नेचर जर्नल में प्रकाशित कराई है. जिसमें बताया गया है कि पिघलती हुई बर्फ धरती की एंग्युलर वेलोसिटी को कम कर रहा है. इसलिए अब निगेटिव लीप सेकेंड की जरूरत है. या फिर एक सेकेंड छोड़कर दूसरे सेकेंड को जोड़ने की.

वैज्ञानिकों को अब यह तीन साल बाद करना होगा, जबकि यह इससे पहले होना चाहिए था. एटॉमिक क्लॉक में लीप सेकेंड को बढ़ाने या घटाने पर सबसे बड़ी दिक्कत ये आती है कि नेटवर्क कंप्यूटिंग और फाइनेंशियल मार्केट को अपग्रेड करना होता है. ताकि वह ञ्जष्ट के हिसाब से काम कर सकें. उन्हें सटीक और स्टैंडर्ड बनाना होगा. क्योंकि निगेटिव लीप सेकेंड इससे पहले कभी ट्राई नहीं किया गया. मौसम विज्ञानी पैट्रिजिया टावेला ने कहा कि निगेटिव लीप सेकेंड कभी नहीं जोड़ा गया. न ही इसका कोई टेस्ट हुआ है. इसलिए यह सही से नहीं पता है कि इससे किस तरह की दिक्कतें आएंगी. उसे किस तरह से ठीक किया जाएगा. लेकिन एगन्यू कहते हैं कि इससे होने वाली देरी का भी स्वागत करना चाहिए. इससे पृथ्वी बचेगी.

वैदिक ज्योतिष में चंद्र राशि को ही आपकी राशि माना जाता है। चंद्रमा मन का कारक ग्रह है और इसलिए आपके व्यक्तित्व की जानकारी के लिए आपकी चंद्र राशि की जानकारी होना बेहद अहम हो जाता है। आप कैसे अपनी चंद्र राशि जान सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

सूर्य राशि और चंद्र राशि में अंतर

सूर्य हर महीने राशि परिवर्तन करता है। ऐसे में जिस भी महीने में आपको जन्म हुआ है और उस समय सूर्य जिस राशि में है उसे आप अपनी राशि बताने लगते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका जन्म 1 जनवरी को हुआ है तो आपकी सूर्य राशि होगी धनु होगी, वहीं 1 फरवरी को जन्म हुआ है तो आपकी राशि मकर होगी। लेकिन, वैदिक ज्योतिष के अनुसार आपकी सूर्य राशि से आपके बारे में उतनी बातें पता नहीं चलती जितनी कि चंद्र राशि से। सूर्य राशि आपकी इच्छाओं के बारे में बताती है, जबकि चंद्र राशि आपके मनोभावों और आपके व्यक्तित्व की जानकारी देती है। इसलिए चंद्र राशि को ही वैदिक ज्योतिष में आपकी राशि कहा जाता है।

चंद्र राशि के बारे में ऐसे करें पता।

चंद्रमा ग्रहों में सबसे तेजी से चलने वाला ग्रह है। लगभग ढाई दिन में चंद्रमा अपनी राशि बदल देता है। अगर आप अपनी चंद्र राशि पता करना चाहते हैं तो अपनी जन्म कुंडली में चंद्रमा की स्थिति को देखें। जहां चंद्रमा विराजमान है उस खाने में जो भी नंबर लिखा है उस नंबर वाली राशि ही आपकी चंद्र राशि होगी। उदाहरण के लिए, चंद्रमा जहां बैठा है वहां 4 लिखा है तो आपकी चंद्र राशि कर्क होगी, क्योंकि ज्योतिष में चौथी राशि कर्क है। इसी तरह आप कुंडली में देखकर जान सकते हैं कि आपकी चंद्र राशि क्या होगी।

चंद्र राशि और आपका व्यक्तित्व

चंद्रमा मन का कारक ग्रह है इसलिए अपनी या किसी और की चंद्र राशि जानकर आप व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बता सकते हैं। आपको करना बस इतना है कि अपनी चंद्र राशि जान लें और फिर देखें कि उस राशि के लोगों की खूबियां और खामियां क्या हैं।चंद्र राशि से आपके स्वभाव, आपके काम करने के तरीके, शौक आदि की जानकारी मिल जाती है। इसके साथ ही चंद्र राशि ये भी बता देती है कि आपमें कितनी एनर्जी होगी, किन क्षेत्रों में आप सफल हो सकते हैं और क्या कार्य करने से आपको बचना चाहिए।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर सेवानिवृत्त एएसपी से 1.29 करोड़ ठगने वाले गिरफ्तार

भिलाई, (दावा)। डीमैट अकाउंट खुलवा कर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक सेवानिवृत्त एएसपी से एक करोड़ 29 लाख रुपये की ठगी करने वाले छह शातिरों को पुलिस ने मध्यप्रदेश के सीहोर, टीकमगढ़ और छतरपुर जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपित फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

ठगी की रकम से आरोपितों ने महंगी गाड़ियां, जेवर और अन्य सामान खरीदे थे। वहीं अधिकांश रकम को आरोपितों ने अय्याशी में उड़ा दिए थे। आरोपितों के बारे में पता लगाने के बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार किया। ठगी की रकम से खरीदे वाहन, जेवर सहित 35 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है। पुलिस सभी आरोपितों के खिलाफ ठगी, कूटरचना और अमानत में खयानत की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पत्रकार वार्ता में मामले की जानकारी देते हुए एसपी जितेंद्र शुक्ला ने पूरे मामले का पर्दाफाश किया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने सेवानिवृत्त ट्रैफिक एएसपी रोहित बघेल से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ 29 लाख रुपये की ठगी की थी। उन्होंने 18 मार्च 2024 को पद्मनाभपुर थाना में ठगी की शिकायत की थी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपितों के बैंक खातों की जानकारी जुटाई तो पता चला कि आरोपितों ने आरके टेक्नोलाजी कंपनी के नाम की फर्म बनाकर ठगी की है। पीड़ित ने जिन खातों में रुपये ट्रांसफर किए थे, वो रुपये मध्यप्रदेश के छतरपुर, ग्वालियर, राजनगर, भोपाल और उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के बैंकों में ट्रांसफर कर एटीएम के माध्यम से रुपयों का आहरण किया गया था।

आरोपितों के मोबाइल के लोकेशन की जांच की गई तो उनकी उपस्थिति लगातार भोपाल, शिवपुर, इंदौर और झांसी में होना मिला। इस आधार पर पुलिस की टीम सभी शहरों के लिए रवाना हुई। झांसी पहुंचने पर आरोपितों का लोकेशन सर्व नगर में मिला। पतासाजी करने पर जानकारी हुई कि कुछ संदिग्ध लोग सर्व नगर के चावड़ा अपार्टमेंट के तीसरी मंजिल के मकान में छिपे हुए हैं। इस पर पुलिस की टीम ने चावड़ा अपार्टमेंट में दबिश दी। वहां से पुलिस ने आकाश चौहान उर्फ लक्की (23) निवासी ग्राम बक्तरा पेट्रोल पंप कालोनी बुधनी जिला सीहोर मध्यप्रदेश, अमित यादव (25) निवासी ग्राम सतसुआ पोस्ट लेधोरा जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश, दिग्विजय सिंह बुंदेला (28) निवासी ग्राम नरगंवा तहसील राजनगर जिला छतरपुर मध्य प्रदेश, शिवम यादव (24) निवासी ग्राम नाउपहरिया पोस्ट गलान नवगांव जिला छतरपुर मध्य प्रदेश, बाबू रैकवार (24) निवासी पोस्ट थाना हरपालपुर तहसील नवगांव जिला छतरपुर मध्य प्रदेश और गौरव सिंह परमार (24) निवासी पोस्ट हरपालपुर तहसील नवगांव थाना हरपालपुर जिला छतरपुर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सभी आरोपितों ने ठगी करने की बात स्वीकार की। वहीं इस गिरोह के मास्टर माइंड यशवर्धन सिंह परमार और जितेंद्र सिंह परमार फरार हैं। जिनकी पतासाजी की जा रही है। लोगों का पर्सनल डेटा खरीदकर संपर्क कर बनाते थे अपना शिकार पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे लोग विभिन्न एआइ कंपनियों से लोगों के पर्सनल डेटा को खरीदते थे। ताकि यह पता लगाया जा सके कि किस व्यक्ति की किस चीज में ज्यादा रुचि है। इसके आधार पर वे लोगों से संपर्क कर उन्हें अपने झांसे में लेते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपित आकाश चौहान उर्फ लक्की ने पुलिस को बताया कि उसने सिद्धार्थ सक्सेना बनकर पीड़ित से संपर्क किया था। वहीं आरोपित अमित यादव ने राहुल गुप्ता और विक्रांत गुप्ता बनकर पीड़ित से बात की थी।

वहीं अन्य आरोपित गौरव सिंह परमार उर्फ हमीद उर्फ अमित शर्मा, दिग्विजय सिंह, शिवम यादव उर्फ राम उपाध्याय और बाबू रैकवार उर्फ अमन ठगी के लिए खातों की व्यवस्था करते थे। फरार आरोपित जितेंद्र सिंह परमार और यशवर्धन सिंह परमार इस गिरोह के मास्टरमाइंड हैं और वे लोग ही आम लोगों का पर्सनल डेटा खरीदकर लाते थे। आरोपितों के पास से बैंक खाते, नौ एटीएम कार्ड, 19 नग सिम कार्ड, 17 नग मोबाइल फोन, कंप्यूटर सिस्टम, सैकड़ों लोगों के पर्सनल डाटा, ठगी की रकम से खरीदे गये दो वाहन, सोने के जेवर, 17 हजार 500 रुपये नकद जब्त किया गया है।

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज करेंगे नामांकन दाखिल, जनसभा को भी करेंगे संबोधित, निकालेंगे रैली

केंद्रीय कार्यालय का होगा उद्घाटन

नामांकन रैली में सम्मिलित होने लोकसभा क्षेत्र के कोने-कोने से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं राजनांदगांव - भागवत साहू

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में उतारा है। भूपेश बघेल के प्रत्याशी घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त खुशी की लहर और उत्साह है। अपने 5 साल के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में भूपेश बघेल ने एक से बढ़कर एक जनहितकारी योजनाओं को देकर आम जनता का मनमोह लिया है, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे देश में भूपेश बघेल की छवि जननायक के रूप में बन चुकी है।

राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया आज दिनांक 2 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्यासी भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत की उपस्थिति मे स्टेट स्कूल मैदान में महासभा को संबोधित करेंगे साथ ही अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन रैली में सम्मिलित होकर अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि नामांकन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत सहित शीर्ष नेताओं की उपस्थित रहेंगे। भूपेश बघेल के नामांकन रैली में सम्मिलित होने के लिए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के राजनांदगांव जिला, मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला, खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला, कवर्धा जिला के कोने-कोने से कार्यकर्ता राजनांदगांव पहुंच रहे हैं।

राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने राजनांदगांव जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिले के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. सेवादल, कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला ब्लॉक अध्यक्ष व जिला ब्लॉक पदाधिकारियों, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जिला,जनपद, ग्राम पंचायत के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित सदस्यों सहित जनमानस को भूपेश बघेल की नामांकन रैली एवं महासभा स्टेट स्कूल मैदान में सुबह 11:00 बजे से उपस्थित होने की अपील की है। सभा रैली के पश्चात तुलसी व्यापार विहार जीई रोड नेहरू नगर के सामने राजनांदगांव में केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन होगा। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल तिवारी ने दी है।

छत्तीसगढ़ महतारी को नोचने प्राइवेट लिमिटेड बना रखे थे भूपेश बघेल- मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कांग्रेस को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अस्मिता, त्यौहार, भाषा और सीधे सरल वासियों की भावनाओं का लाभ उठाकर छत्तीसगढ़ महतारी को नोचने का उदाहरण देश के इतिहास में नहीं मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महतारी को ऐसा लूट और शोषण किया है जो अंग्रेज भी भारत माता के साथ नहीं कर पाए।

कितना भी बड़ा अपराधी षड्यंत्रकारी और लुटेरा भी नहीं सोच सकता कि प्रतिदिन 25 रुपए कोयले में रंगदारी वसूल की जा सकती है। छत्तीसगढ़ से यदि प्रतिदिन 10 मालगाड़ी भी कोयले से भरकर निकले तो 12 लाख प्रतिदिन की रंगदारी चकित करने वाली है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शराब के दो काउंटर सहित गली-गली और पान ठेले में अन्य राज्यों की बिकने वाली शराब की प्रतिदिन की कमाई का हिसाब लगाने के लिए सुपर कंप्यूटर की जरूरत पड़ेगी, इसके बाद सट्टा और खाई वालों से हफ्ता वसूली करना प्रदेश के मुखिया के नाम पर कलंक है, जिस पर गौ माता को भी ठगने से यह नहीं चुके हैं। रोका छेका, गौठान, गोबर खरीदी पैरा परिवहन में घोटाला अविश्वसनीय कृत्य है । ऐसी योजनाएं और षड्यंत्र के लिए आईएएस, राज्य प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी, परिवहन कर्ताओं की बाकायदा फौज लेकर चलने वाले पूर्व मुख्यमंत्री किसी नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं जिनकी बुद्धि बड़े-बड़े वैज्ञानिकों और चाचा चौधरी से भी तेज चलती है और अब इसी प्रतिभा का प्रदर्शन करने राजनांदगांव आ गए हैं।

अपने मुख्यमंत्रित्व काल में चिकित्सा शिक्षा विकास से राजनांदगांव को दूर रखने वाले अपनी ही पार्टी के जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार करने वाले भूपेश जी को राजनांदगांव की पवित्र धरा और संस्कारधानी पर पैर रखने से पहले शर्म से पानी-पानी हो जाना चाहिए था और अब राजनांदगांव लोकसभा के रहवासी उनके पुराने कर्मों का हिसाब चुकता करने के लिए तैयार बैठी है।

संगीता गजभिए भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने आज कुछ समाचार पत्रों में छपे समाचार 'भाजपा नेत्री पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली का आरोप' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की श्रीमति संगीता गजभिए जिन पर उक्त वसूली का आरोप लगा है, वह कभी भी भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं रही हैं, न ही उन्हे कभी विधिवत सदस्यता प्रदान की गई हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रमेश पटेल ने कहा की संगीता गजभिए के मामले में एन चुनाव के वक्त भाजपा को बदनाम करने की नियत से उक्त समाचार का प्रकाशन किया गया प्रतीत होता हैं, उन्होंने कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि संगीता गजभिए के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की त्वरित जांच कराकर दोषी होने पर विधिवत कार्यवाही की जाय।

निगम आयुक्त चिखली पहुंच लोगों से रूबरू हो गंदे पानी की ली जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः चिखली में गंदे पानी आने पर निराकरण हेतु किये जा रहे पाईप लाईन चेकिंग कार्य का जायजा लेकर कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके से चर्चा किये।

श्री रामटेके ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में खोदाई कर पाईप लाईन की जॉच की जा रही है, पानी सप्लाई के समय क्लोरिंन जॉच की जा रही है, टैंकर से भी पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुक्त ने प्रतिदिन घर-घर क्लोरिंन की जॉच कर, सही लाईन से पेयजल उपलब्ध कराने कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने घर-घर लोगों से रूबरू हो पानी की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि पानी छानकर, उबालकर पीये, पाईप लाईन की जॉच की जा रही है, जल्द ही सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई की जावेंगी। उन्होंने प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम से कहा कि पुरानी लाईन से पेयजल सप्लाई बंद होने पर अमृत मिशन से किये नल कनेक्शन से सुचारू पेयजल सप्लाई करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री अग्रवाल से कहा कि चिखली क्षेत्र में गलियों, सड़कों के अलावा नाली नालों की विशेष गैंग लगाकर सफाई करावे, दवा का छिड़काव करावे तथा क्लोरिन टेबलेट का वितरण करे। उन्होंने मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से किये जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में डाक्टर से जानकारी लिये। डॉक्टर ने कहा कि आने वाले मरीजों की पीलिया, मलेरिया के अलावा बी.पी. शुगर सहित अन्य बीमारी की जॉच कर लेब टेस्ट भी किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि चिखली के हर क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण करें, दवा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो, जॉच में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। निरीक्षण के दौरान तकनीकि अधिकारियों सहित जल एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

विद्युत विभाग की लापरवाही से कलेक्टर-एसपी की रोपवे ट्राली हवा में लटकी

डोंगरगढ़ (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। इस दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर रोपवे का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर और एसपी अव्यवस्था के शिकार हो गए।

विद्युत विभाग की आंख मिचौली से परेशान है जनता, विद्युत अवरोध सामान्य प्रक्रिया- अध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट समिति

कलेक्टर संजय अग्रवाल ऊपर मंदिर दर्शन करने रोपवे से ऊपर जा रहे थे जैसे ही ट्रॉली बीच पहाडी में पहुंची तभी बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने से रोपवे में बैठे कलेक्टर की ट्राली 5 से 10 मिनट तक हवा मे लटकती रही। बाद मे जनरेटर चालू कर कलेक्टर मंदिर पहुंचे वहीं इसे मॉकड्रिल भी बताया जा रहा है।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ पहुंचकर कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक लेने के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग और डोंगरगढ़ एसडीएम ऊपर मंदिर दर्शन करने रोपवे से ऊपर जा रहे थे। जैसे ही ट्रॉली बीच पहाड़ी में पहुंची तो बिजली गुल हो गई। जैसे तैसे मंदिर ट्रस्ट के द्वारा जनरेटर चालू कर ट्रॉली को ऊपर भेजा गया। ट्रॉली ऊपर जाने के बाद लाईट भी आ गई। डोंगरगढ़ विद्युत विभाग के जेई संबंध सिंह ठाकुर ने कहा कि 133 केवी में फॉल्ट आने के बाद 5 मिनट के लिए लाईट बंद की गई थी। वहीं इस मामले को क्लेक्टर संजय अग्रवाल ने मिडिया से बात करते हुए कहा कि आगामी नवरात्री में सुरक्षा को लेकर एक मॉकड्रिल की गई है। इस बीच बिजली भी चली गई थी जिसके कारण अव्यवस्था हुई।

खैरागढ़ की रॉयल फैमिली बेटी मयूरी सिंह बॉलीवुड फिल्म में राजकुमारी के रूप में आयेगी नजर

बंगाल 1947- सागा ऑफ लव एंड सेपरेशन' होगी रिलीज छत्तीसगढ़ में मचा रही है फिल्म धूम

खैरागढ़ (दावा)। नगर की बिटिया मयूरी सिंह की बालीवुड हिन्दी फिल्म 'बंगाल 1947 ए सागा ऑफ लव एंड सेपरेशन' 29 मार्च को रिलीज होने जा रही है। उनके साथ फिल्म पीपली लाइव फेम नत्था भी अभिनय कर रहे हैं। हिट फिल्म 'गदर' के एसोसिएट डायरेक्टर आकाश आदित्य लामा इस फिल्म के निर्देशक हैं।

उन्होंने थियेटर और नाटकों का लंबा सफ़र तय किया है। फिल्म की मुख्य नायिका रॉयल फैमली की ओर राजकुमारी की भूमिका में नजर आएंगी। यह एक प्रेम गाथा है जो विभाजन के वक्त के बंगाल क्षेत्र के हालातों पर आधारित है। विभाजन के दर्द को बयां करती यह फिल्म अन्य कई मुद्दों पर भी बात करती है और उस वक्त के बंगाल के दर्द, वहां के जनमानस और उनकी संस्कृति को दर्शाती है। बंगाल की पारंपरिक वेशभूषा और वहां के प्रख्यात बाउल गीतों का समावेश इस फिल्म में देखने को मिलेगा।

फिल्म में टीवी आर्टिस्ट गोपी बहू यानी देवोलीना भट्टाचार्जी प्राइमरी, आमिर खान की फिल्म पीपली लाइव के लीड एक्टर ओंकारदास मानिकपुरी 'नत्था', लगान, कभी हां कभी ना जैसी बड़ी बालीवुड फिल्मों के एक्टर आदित्य लाखिया, बचपन का प्यार फेम बस्तर के सहदेव भी इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म 2022 के नवंबर-दिसंबर महीने में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग क्षेत्रों में शूट हुई। पूरी टेक्निकल टीम मुंबई से थी और कुछ बंगाल से परंतु स्थानीय कलाकारों को फिल्म में मौक़ा दिया गया है। नगर की होनहार कलाकार सुरभि ने अपनी शिक्षा के साथ कत्थक सीखा और कालेज में आने के बाद सृजन रंग यात्रा के साथ नाटकों में हिस्सा लेने लगी। उसके बाद नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पढ़े हुए हीरा मानिकपुरी के साथ ट्रेनिंग की।

लॉकडाउन में सारा काम रुकने के बावजूद वे ऑनलाइन आडिशन देती रहीं और तैयारी करती रहीं। यहीं से प्रसिद्ध कलाकार नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, राजू हिरानी, संजय लीला भंसाली, राजकुमार राव, जयदीप अहलावत जैसे दिग्गज भी निकले हैं।

1947 फिल्म की शूटिंग खैरागढ़, पखांजूर और कवर्धा में हुई है। फिल्म कलकत्ता में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भी दिखाई और सराही गई है। सुरभि संभवतः छत्तीसगढ़ की कई महिला कलाकार हैं जो बॉलीवुड फिल्म में लीड एक्ट्रेस हैं। मयूरी सिंह खुद रॉयल फैमली खैरागढ़ से है और खुद फिल्म में भी रॉयल फैमली की राजकुमारी का रोल अदा किया है।

प्रधानपाठकों ने स्वीकारा खुला प्रश्नपत्र मिला

० गोपनीयता का हवाला देते आज से परीक्षाएं प्रारंभ
० चुनाव ड्यूटी राजनांदगांव तहसील में, काम कर रहे हैं बीजाभांठा संकुल में

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के बीजाभांठा संकुल समन्वयक के द्वारा लगातार विभागीय कार्यों में लापरवाही बरती गई है, कुछ दिनों पूर्व उन्हें हटाने के लिए शिक्षकों द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। इधर निर्वाचन कार्य में भी उनकी ड्यूटी राजनांदगांव तहसील में लगाई गई है, वहीं बीजाभांठा संकुल क्षेत्र में कार्यरत दिखाई दिए, इस दौरान अब उनके द्वारा परीक्षा जैसे गंभीर मामले में घोर लापरवाही बरती गई है। उनके द्वारा प्रश्नपत्रों का पैकेट खोलकर प्रधानपाठकों को वितरित कर दिया है. वहीं अब उनकी इस लापरवाही को गोपनीयता का मामला ना बताते हुए कुछ शिक्षक व प्रधानपाठक उनके पक्ष में बात करते रहे, जिन पर भी कार्यवाही किया जाना चाहिए ताकि आने वाले समय में ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति ना हो। हॉलाकि प्रधानपाठकों ने गोपनीयता का हवाला देते हुए सभी शालाओं में निर्बाध गति से परीक्षाएँ प्रारंभ कर दी है।

बीजाभांठा संकुल में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के प्रश्नपत्र के पैकेट खोलकर प्रधानपाठकों को वितरित करने की खबर के प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में संबंधित सभी दस स्कूलों के प्रधानपाठकों को दूसरे दिवस रविवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगांव बुलवाया गया था, जहाँ सभी खुले प्रश्नपत्रों को पैकेट में भरने तथा गोपनीयता बनाए रखने की समझाईश दिए जाने की जानकारी मिली है हॉलाकि संबंधित संकुल समन्वयक पर अब तक कोई कार्यवाही की खबर नहीं आई है.

चुनाव ड्यूटी राजनांदगांव तहसील में काम कर रहे हैं बीजाभांठा संकुल में

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा दिनांक 23 मार्च को नोडल अधिकारी मतदान दल गठन जिला राजनांदगांव के पत्र क्र./ई.एस./म.द.ग.2024 राजनांदगांव के आदेशानुसार सुदामा लाल साहू संकुल समन्यवक संकुल केन्द्र बीजाभांठा विकासखंड डोंगरगांव की ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत तहसील कार्यालय राजनांदगांव में लगायी गई है, जिसमें उन्हें तहसीलदार के मार्गदर्शन में सौंपे गए कार्यों को करना है किन्तु श्री साहू सोमवार दिनांक 1 अप्रैल को अपने क्षेत्र के सभी स्कूलों में निरीक्षण करने निकले थे, एक जानकारी के अनुसार इस संकुल समन्वयक की कार्यप्रणाली और भेदभावपूर्ण व्यवहार को देखते हुए लगभग 35 शिक्षकों और प्रधानपाठकों की एक हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र और बीईओ डोंगरगांव के अनुशंसा पत्र क्रमांक ज्ञाप.क्र./1642/समग्र शिक्षा/23-24 डोंगरगांव दिनांक 11.03.2024 से इन्हें हटाने के लिए कहा गया था, जिसके बाद 23 मार्च को निर्वाचन कार्य के लिए श्री साहू की ड्यूटी राजनांदगांव में लगाया गया था किन्तु बावजूद इसके अपने बीजाभांठा संकुल कार्यालय में बने रहना और क्षेत्र के स्कूलों में लगातार दौरा करना अनेक संदेहों को जन्म देता है। बता दें कि शिक्षकों और प्रधानपाठकों की शिकायत के बाद बीईओ डोंगरगांव द्वारा ललित कुमार महाजन शिक्षक शा.पूर्व मा.शाला गिरगांव को संकुल केन्द्र बीजाभांठा के समन्वयक पद के लिए अनुशंसा किया गया था लेकिन अब तक सुदामा साहू ने न तो पदभार छोड़ा है और न ही लोकसभा चुनाव ड्यूटी को गंभीरता से ले रहे हैं, इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी भी गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

प्रधानपाठकों ने स्वीकारा खुला प्रश्नपत्र मिला

बता दें संकुल केन्द्र बीजाभांठा के अंतर्गत आने वाले 5 प्राथमिक एवं 5 माध्यमिक शालाओं में अधिकांश प्रधानपाठकों ने मीडिया के समक्ष यह स्वीकार किया है कि उन्हें बंद पैकेटों के साथ खुला प्रश्नपत्र प्राप्त हुआ। उदाहरण के तौर पर 27 दर्ज संख्या है तो इसमें 20 और 5 के पैकेट प्राप्त हुए हैं और 2 प्रश्नपत्र खुला प्राप्त हुआ है, इसकी जानकारी अखबारों के माध्यम से उच्चाधिकारियों को लगने के बाद सभी प्रधानपाठकों को डीईओ कार्यालय में बुलावा आया था और खुले प्रश्नपत्रों को पैकेट में भरकर रखने निर्देश दिया गया, जब पैकेटों में स्पष्ट निर्देश है कि इन्हें समय के पूर्व नहीं खोला जाना है तो फिर संकुल समन्वयक व्दारा क्यों खोला गया और यदि खुला प्रश्नपत्र ही दिया जाना था तो पैकेट ही क्यों बनाया गया, कुछ वर्षों पूर्व मिडिल और प्राथमिक परीक्षाएँ स्थानीय स्तर पर प्रधानपाठक ही प्रश्नपत्र छपवाकर संचालित करते थे जिससे उन्हें अतिरिक्त प्रश्नपत्र के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता, सोमवार को सभी शालाओं में भ्रमण के दौरान गिरगांव के एक प्रधानपाठक ने यह भी दावा किया कि पैकेट खोलकर प्रश्नपत्र का वितरण पूरे जिले में होता है, ऐसे में गोपनीयता जैसी कोई बात ही नहीं रह जाती।

> समाचार पत्रों के माध्यम से मामले की जानकारी मिली है, संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलवाकर मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
> **- मनोज कुमार मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com